SET-1

Series KL3MN

प्रश्न-पत्र कोड **4/3/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

[]

नोट

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

हिन्दी (ब)

HINDI (B)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खण्ड हैं – **क**, **ख**, **ग** और **घ**।*

(iii) ***खण्ड – क** में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न हैं ।*

(iv) ***खण्ड – ख** में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न हैं।*

(v) ***खण्ड – ग** में पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित प्रश्न हैं।*

(vi) ***खण्ड – घ** में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न हैं।*

(vii) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है, यद्यपि कुछ खण्डों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

(viii) *दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

(ix) *यथासंभव सभी खंडों के उत्तर क्रमश: लिखिए।*

खण्ड क

(अपठित बोध)

14

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *7*

प्राकृतिक आपदा का अर्थ है – प्रकृति की ओर से आए संकट । बाढ़, बारिश, तपिश, सूखा, कहने को तो प्राकृतिक घटनाएँ हैं; लेकिन जिस तरह अब इनका रौद्ररूप मौसम–बेमौसम दिखने लगा है, यह चिंताजनक है । बीते साल बाढ़, वनों की आग, तूफ़ान और उच्च तापमान की बेतहाशा घटनाओं ने कई देशों को झकझोर दिया है । ये घटनाएँ न तो साधारण हैं, न प्राकृतिक । पहले भी मौसम का प्रकोप दिखता था, लेकिन भयावहता का ऐसा मंजर यदा-कदा ही दिखा । इसके कारणों को जानते-समझते हुए भी हमारे अनजान बने रहने से प्राकृतिक आपदाएँ दिनोंदिन और विकराल होती जा रही हैं । जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में प्रकाशित एक शोध ने वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और प्रकृति को लेकर चिंतित संगठनों की नींद उड़ा दी है । भूजल दोहन के अनुपात में पानी वापस धरती में नहीं पहुँच रहा है । परिणामस्वरूप भूजल का स्तर दिनोंदिन गिरता जा रहा है । पृथ्वी अपने अक्ष पर झुकने लगी है । प्रकृति के साथ छेड़छाड़ कर हम उसे जो हानि पहुँचा रहे हैं, उस पर हमें नियंत्रण करना होगा । गांधी जी ने कहा था – 'यह प्रकृति करोड़ों क्या अरबों-अरबों लोगों का पालन बड़े आराम से कर सकती है किंतु एक इंसान की तृष्णा पूरी नहीं कर सकती ।' – इस संदेश को जीवन में उतारना होगा । साथ ही हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा । तभी हम मौत के किसी भी जलजले से बच सकते हैं ।

(i) पृथ्वी के अक्ष में विचलन का मुख्य कारण है : *1*

(A) भूजल का अतिदोहन (B) निरंतर बढ़ता तापमान

(C) कम होते जंगल (D) बिना मौसम बरसात

(ii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

कथन : विगत वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं का स्वरूप भयावह हुआ है ।

कारण : प्राकृतिक संसाधनों के प्रति असंवेदनशील मानवीय कृत्यों ने प्रकृति के सहज स्वरूप को प्रभावित किया है ।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(B) कारण सही है, किंतु कथन ग़लत है ।

(C) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(iii) 'जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स' में प्रकाशित शोध में किस खतरे का ज़िक्र है ? *1*

(A) तेज़ी से बदलता मौसम-चक्र

(B) भूजल का कम होता स्तर

(C) पृथ्वी के अक्ष में झुकाव

(D) बेतहाशा बढ़ती प्राकृतिक आपदाएँ

(iv) भूजल के बड़े पैमाने पर दोहन से पृथ्वी पर क्या असर पड़ा ? *2*

(v) प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए क्या अनिवार्य है ? *2*

2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *7*

'किडल्टिंग' दो शब्दों के मेल से बना है – 'किड' और 'एडल्ट' । यानि बचपन और वयस्क की संधि । इस शब्द का इस्तेमाल पिछले कुछ वर्षों से हो रहा है । वास्तव में यह बचपन की जानी-पहचानी गतिविधियों की ओर एक स्वाभाविक सरल वापसी है । 'किडल्टिंग' ज़िंदगी के भागमभाग में फँसे, अकेले रह गए या अवसाद से जूझ रहे लोगों को बहुत पसंद आ रहा है । पसंदीदा गतिविधियाँ करना अकसर तनाव दूर करने के लिए एकदम सही विकल्प होता है । बड़ी कंपनियाँ भी ऐसी गतिविधियों के चलन को बढ़ावा देने में तेज़ी से जुट गई हैं । लंदन और मैट्रिड में एक संवाद संग्रहालय 'डोपामाइन लैंड' अपने अंदर के बच्चे को जगाने के लिए बचपन और वयस्क अवस्था के संधिकाल की गतिविधियाँ करवाता है । दिनभर मोबाइल और कंप्यूटर से ऊबे हुए कामकाजी लोग इससे दूरी बनाने के दिलचस्प बहाने खोजने लगे हैं । ऐसे में बचपन की दुनिया में वापसी उन्हें पसंद आ रही है क्योंकि इसमें वे बिना मोबाइल और कंप्यूटर वाले बीते जीवन को जीते हैं । खबर यह भी है कि 'डोपामाइन लैंड' जैसी जगहें 'हैप्पी हॉर्मोन्स' को भी सक्रिय कर रही हैं । आखिर कुछ तो कारण होगा कि वर्तमान में तमाम सुविधाओं के बावजूद लोग ऐसी परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं जिसमें वे जीवन की संवेदनाओं का अहसास नहीं कर पाते ।

(i) तनाव को कम करने का सबसे अच्छा तरीका है : *1*

(A) अपने पसंदीदा कार्यों में समय लगाना (B) स्क्रीन पर और अधिक समय बिताना

(C) काम में और अधिक ध्यान लगाना (D) नियत कार्य को समय से पूर्व निबटाना

(ii) 'डोपामाइन लैंड' क्या है ? *1*

(A) बच्चों के खेलने की खुली जगह

(B) एक विशेष हॉर्मोन मिलने की जगह

(C) बड़ों के खेलने के लिए निर्मित स्थान

(D) बच्चों के हॉर्मोन संतुलित करने का स्थान

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

कथन : वर्तमान में सुख-सुविधाओं से भरी ज़िंदगी में खुशियों के अहसास की कमी हो गई है।

कारण : प्रसन्न रहने के लिए सिर्फ भौतिक सुख-सुविधाएँ ही पर्याप्त नहीं हैं।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण ग़लत है।

(C) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iv) बड़ी-बड़ी कंपनियों के 'डोपामाइन लैंड' जैसी गतिविधियों में बढ़ती रुचि के क्या कारण हैं ? *2*

(v) वर्तमान में 'किडल्टिंग' की आवश्यकता क्यों महसूस हो रही है ? *2*

खण्ड ख
(व्यावहारिक व्याकरण) *16*

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'गुलाब की तरह मुसकराने वाले तुम आज उदास क्यों हो।' – वाक्य में से सर्वनाम पदबंध छाँटकर लिखिए।

(ii) 'अब यह कारवाँ इन जंगलों में कई साल से भटक रहा है।' – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(iii) 'पक्षियों की सायंकालीन चहचहाहटें शनैः-शनैः क्षीण हो गईं।' – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(iv) 'मास्टर साहब एक लड़के को उसके घर जाकर पढ़ाया करते थे।' – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(v) 'पास में एक सुंदर और बलशाली युवक रहा करता था।' – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) आपने मुझे कारतूस दिए इसलिए आपकी जान-बख़्शी करता हूँ। – रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए।

(ii) ग्वालियर के हमारे मकान के दालान में दो रोशनदान थे । – संयुक्त वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए।

(iii) उसने सिर झुकाकर हमें प्रणाम किया। – रचना की दृष्टि से वाक्य भेद लिखिए।

(iv) खड़े होने की जगह कम पड़ने पर उसे गुस्सा आ गया । – मिश्र वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए।

(v) गिन्नी का सोना शुद्ध सोने से मजबूत होता है इसलिए औरतें इसी से गहने बनवाती हैं। – सरल वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) अव्ययीभाव समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण लिखिए।

(ii) 'भाषा-प्रयोग' समस्तपद समास के किस भेद का उदाहरण है ?

(iii) 'इसका ज़िक्र सिंधी भाषा के महाकवि शेख अयाज़ ने किया था।' – रेखांकित समस्तपद का विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए।

(iv) बहुव्रीहि समास का कौन-सा पद प्रधान होता है ?

(v) 'दो पहरों का समूह' के लिए समस्तपद लिखिए और भेद का नाम भी लिखिए।

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'ज़हर लगना' मुहावरे का वाक्य में इस तरह प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(ii) 'वास्तविकता से परिचित होना' अर्थ को व्यक्त करने वाला उपयुक्त मुहावरा लिखिए।

(iii) 'अपने सामने वही रूखा-सूखा खाना देखकर हरिहर काका के बदन में _____ गई।' रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से करके लिखिए।

(iv) 'बड़े भाई साहब' पाठ के संदर्भ में 'दिमाग होना' और 'दिमाग चकराना' – इन दोनों मुहावरों में अंतर स्पष्ट करके लिखिए।

(v) 'फूटी आँख न सुहाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए और मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करके लिखिए।

खण्ड ग

(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) *28*

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

कुछ समय बाद पासा गाँव में 'पशु-पर्व' का आयोजन हुआ। पशु-पर्व में हृष्ट-पुष्ट पशुओं के प्रदर्शन के अतिरिक्त पशुओं से युवकों की शक्ति परीक्षा प्रतियोगिता भी होती है। वर्ष में एक बार सभी गाँव के लोग हिस्सा लेते हैं। बाद में नृत्य-संगीत और भोजन का भी आयोजन होता है। शाम से सभी लोग पासा में एकत्रित होने लगे। धीरे-धीरे विभिन्न कार्यक्रम शुरू हुए। तताँरा का मन कार्यक्रमों में तनिक न था। उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं। नारियल के झुंड के एक पेड़ के पीछे से उसे जैसे कोई झाँकता दिखा। उसने थोड़ा और करीब जाकर पहचानने की चेष्टा की। वह वामीरो थी जो भयवश सामने आने में झिझक रही थी। उसकी आँखें तरल थीं। होंठ काँप रहे थे। तताँरा को देखते ही वह फूटकर रोने लगी। तताँरा विह्वल हुआ। उससे कुछ बोलते ही नहीं बन रहा था। रोने की आवाज़ लगातार ऊँची होती जा रही थी। तताँरा किंकर्त्तव्यविमूढ़ था। वामीरो के रुदन के स्वरों को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची और दोनों को देखकर आग-बबूला हो उठी। सारे गाँव वालों की उपस्थिति में यह दृश्य उसे अपमानजनक लगा।

(i) तताँरा किंकर्त्तव्यविमूढ़ क्यों हो गया ? *1*

(A) उसे समझ में आ गया था कि उसे क्या करना है।

(B) उसे समझ में आ गया था कि उसे क्या नहीं करना है।

(C) वह समझ नहीं पा रहा था कि क्या करे, क्या न करे।

(D) वामीरो के ऊँचे स्वर में रोने से वह डर गया था।

(ii) वामीरो किस बात से डरी हुई थी ? *1*

(A) सार्वजनिक रूप से अपमानित होने के भय से

(B) तताँरा द्वारा अपमानित किए जाने के भय से

(C) शक्ति-प्रदर्शन में असफल होने के भय से

(D) शक्ति-प्रदर्शन में तताँरा की असफलता के भय से

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

कथन : तत्कालीन समाज में पशु-पर्व जैसे आयोजन आपस में मिलने-जुलने का एक महत्त्वपूर्ण साधन थे।

कारण : पशु-पर्व का आयोजन पासा गाँव की सर्वश्रेष्ठता को सिद्ध करने के लिए किया गया था।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है।

(iv) पशु-पर्व में किस तरह के कार्यक्रम का आयोजन ***नहीं*** होता था ? *1*

(A) युवाओं की शक्ति परीक्षा

(B) सामूहिक भोज का आयोजन

(C) हृष्ट-पुष्ट पशुओं का प्रदर्शन

(D) नृत्य-संगीत की प्रतियोगिता

(v) 'सारे गाँव वालों की उपस्थिति में यह दृश्य उसे अपमानजनक लगा।' वाक्य में 'उसे' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ? *1*

(A) वामीरो

(B) तताँरा

(C) वामीरो की माँ

(D) तताँरा की माँ

8. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(i) 'चा-नो-यू' जैसी परंपराएँ व्यक्ति को आत्मबोध कराती हैं। 'झेन की देन' पाठ के आधार पर इस कथन पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में लेखक की माँ के कौन-कौन-से विचार आपको आज के संदर्भ में उपयुक्त लगते हैं और क्यों ? स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि समय से पूर्व जिम्मेदारियाँ मिलने से बच्चों का बचपना कहीं खो जाता है।

(iv) क्या 26 जनवरी 1931 के दिन को मनाने के लिए विद्यालयों के विद्यार्थियों को उसमें शामिल किया जाना उचित था ? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के संदर्भ में लिखिए।

9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों का चयन करके लिखिए : *5×1=5*

चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,
विपत्ति, विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए।
घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।
तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।

(i) मनुष्य की वास्तविक सफलता क्या है ? *1*

(A) सिर्फ स्वयं का उत्थान
(B) सिर्फ समाज का उत्थान
(C) स्वयं के साथ समाज का उत्थान
(D) साथ चलने वालों का उत्थान

(ii) इच्छित मार्ग की ओर कैसे बढ़ना चाहिए ? *1*

(A) तेज़ी के साथ (B) शांति के साथ
(C) खुशी के साथ (D) गर्व के साथ

(iii) जीवन-पथ पर आगे बढ़ते हुए किस बात का ध्यान रखना चाहिए ? *1*

(A) हर तरह के लोगों के साथ मिल-जुलकर आगे बढ़ना।

(B) स्वयं से अधिक दूसरों के सामर्थ्य पर भरोसा करना।

(C) पथ में सिर्फ समान विचारधारा वाले लोगों को साथ लेना।

(D) भिन्न विचार रखने वालों से दूर रहने का प्रयास करना।

(iv) 'मानव जीवन की सार्थकता स्वयं के साथ दूसरों को भी आगे बढ़ाने में है' – यह भाव किस पंक्ति में है ? *1*

(A) घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी

(B) अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हो सभी

(C) तभी समर्थ भाव है कि तारता हुए तरे

(D) वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरे

(v) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

कथन : हर तरह के भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र का विकास करना चाहिए।

कारण : सम्मिलित प्रयास से हुआ विकास अस्थाई प्रकृति का होता है।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है।

10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(i) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर 'अवलोक रहा है बार-बार' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'तोप' कविता में तोप के साल में दो बार चमकाने का उल्लेख हुआ है। आपकी दृष्टि में इन्हें चमकाने के संभावित कारणों का उल्लेख कीजिए।

(iii) 'कर चले हम फ़िदा' कविता के आधार पर लिखिए कि सीमा पर देश की रक्षा करने वाले सैनिकों को किन संकटों से गुजरना पड़ता है।

(iv) श्रीकृष्ण की सेवा करने से मीरा को कौन-कौन से लाभ प्राप्त होंगे ? पठित कविता के आधार पर लिखिए।

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 – 50 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(i) एक भरे-पूरे परिवार का सदस्य होने तथा घर के बड़ों द्वारा मना किए जाने के बाद भी टोपी इफ़्फ़न की हवेली की तरफ क्यों खींचा चला जाता था ? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ii) 'सपनों के-से दिन' पाठ में लेखक और उनके अधिकांश साथियों को पढ़ाई करने और विद्यालय जाने में रुचि नहीं थी। क्या वर्तमान में आपके तथा आपके साथियों के साथ ऐसा ही है ? कारण सहित उत्तर लिखिए।

(iii) 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर लिखिए कि यदि हरिहर काका महंत जी के कहने पर अपनी ज़मीन ठाकुरबारी के नाम कर देते तो उससे महंत जी को क्या लाभ होता।

खण्ड घ

(रचनात्मक लेखन) *22*

12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(i) आदर्श नागरिक

- आदर्श नागरिक का अर्थ
- अधिकार और कर्तव्य का संतुलन
- देश का गौरव बढ़ाने में योगदान

(ii) मधुर वचन है औषधि

- उक्ति का अर्थ
- मानव जीवन पर इसका प्रभाव
- वर्तमान में इसकी आवश्यकता क्यों

(iii) खेल और हमारा स्वास्थ्य

- स्वास्थ्य का महत्त्व
- स्वस्थ रहने के लिए खेल
- खेल जीवन के लिए अनिवार्य

13. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए : *5*

(i) आप दसवीं कक्षा के विद्यार्थी उन्नति/उत्थान हैं । विद्यालय में ऐच्छिक विषय के रूप में 'मार्शल आर्ट' के प्रशिक्षण की व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

अथवा

(ii) आप उन्नति/उत्थान हैं। ई-कचरे का प्रबंधन वर्तमान में विश्व के समक्ष एक ज्वलंत समस्या है। इस संबंध में जन-जागरूकता हेतु किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए : *4*

(i) विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यालय में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर बदलते परिप्रेक्ष्य में बदलते रोज़गार विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस विषय में सभी विद्यार्थियों को इसकी जानकारी देने के लिए एक सूचना लिखिए।

अथवा

(ii) विद्यालय में 'राष्ट्रीय हिंदी पखवाड़ा' के अवसर पर विविध साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए प्रधानाचार्य की ओर से एक सूचना लिखिए।

15. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए : *3*

(i) इलेक्ट्रिक साइकिल बनाने वाली कंपनी 'एवरेस्ट' की ओर से अपने उत्पाद की जानकारी देने तथा बिक्री बढ़ाने हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

(ii) 'दुर्घटना से देर भली'– यातायात नियमों के पालन के प्रति जन-जागरूकता के लिए यातायात पुलिस की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

16. (i) आप हर्षा/हर्षल हैं। किशोरों में देशभक्ति की प्रेरणा देने वाले कार्यक्रम प्रसारित करने का निवेदन करते हुए दूरदर्शन निदेशालय को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। *5*

अथवा

(ii) "मेरे कमरे की खिड़की बगीचे की तरफ़ खुलती है। आज रविवार था इसलिए मैं देर तक सो रहा था।" – पंक्ति को आधार बनाकर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। *5*

अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु

सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2025-26

अंक-योजना

हिंदी 'ब' विषय कोड - 085

प्रश्न-पत्र कोड-- 4/3/1, 4/3/2, 4/3/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के उचित आकलन के लिए उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है। इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा-प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति / दस्तावेज को किसी के साथ साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र / वेबसाइट आदि में छापना भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है।

3. अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को और उत्तर- पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही (√) और गलत उत्तर पर गलत (×) का निशान लगाएँ। परीक्षक द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. **यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर अंत में दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये के प्रारंभ में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

7. **यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये के प्रारंभ में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।**

8. **यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न / प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें / उन्हीं पर अंक दें।**

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0-80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. **प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)**

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में होती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक या कम अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का मुख पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- मुख पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर-पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंक-सूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. परीक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, मुख पृष्ठ पर की गई प्रविष्टि सही हो तथा प्राप्तांक को अंकों और शब्दों में लिखा जाए।

14. परीक्षार्थी निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों / अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों / परीक्षकों / समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाए।

Series: **KL3MN** **प्रश्न-पत्र कोड 4/3/1, 4/3/2, 4/3/3**

अंक योजना

निर्धारित समय : 3 घंटे **हिंदी 'ब'(085)** **अधिकतम अंक : 80**

प्रश्न सं.	सेट-1	सेट-2	सेट-3	मूल्यांकन बिंदु	अंक
	4/3/1	**4/3/2**	**4/3/3**	**खंड - क** **(अपठित बोध)**	**(14)**
1	**1**	**2**	**1**	**अपठित गद्यांश** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर : **बहुविकल्पीय -**	**(7)**
	(i)	(i)	(i)	(A) भूजल का अतिदोहन	1
	(ii)	(ii)	(ii)	(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।	1
	(iii)	(iii)	(iii)	(B) भूजल का कम होता स्तर	1
				वस्तुपरक -	
	(iv)	(iv)	(iv)	• भूजल के स्तर का दिनों-दिन गिरना • पृथ्वी का अपने अक्ष पर झुकाव	2
	(v)	(v)	(v)	• प्रकृति के प्रति संवेदनशील व्यवहार • प्रकृति के साथ छेड़-छाड़ पर नियंत्रण • प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए सदैव तैयार रहना (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)	2
2	**2**	**1**	**2**	**अपठित गद्यांश** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर : **बहुविकल्पीय -**	**(7)**
	(i)	(i)	(i)	(A) अपने पसंदीदा कार्यों में समय लगाना	1
	(ii)	(ii)	(ii)	(C) बड़ों के खेलने के लिए निर्मित स्थान	1
	(iii)	(iii)	(iii)	(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।	1
				वस्तुपरक-	
	(iv)	(iv)	(iv)	• कंप्यूटर और मोबाइल से ऊबे कामकाजी लोगों के तनाव को दूर करना • कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि	2
	(v)	(v)	(v)	• जीवन की भागमभाग में फँसे, अकेले रह गए या अवसाद से जूझ रहे वयस्कों के अपने तनाव से सहज रूप से मुक्त होने के लिए • जीवन से जुड़ी संवेदनाओं को पुनः महसूस करके सहज आनंद की अनुभूति के लिए	2

				खंड – ख **(व्यावहारिक व्याकरण)**	**(16)**
3	**3**	**3**	**3**	**'पदबंध'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**(4x1 =4)**
	(i)	-	-	गुलाब की तरह मुसकराने वाले तुम	1
	(ii)	-	-	क्रियाविशेषण पदबंध	1
	(iii)	-	-	संज्ञा पदबंध	1
	(iv)	-	-	क्रिया पदबंध कारण- क्रिया पदों का समूह, शीर्ष पद - क्रिया	½+½
	(v)	-	-	विशेषण पदबंध	1
	-	(i)	-	हममें से कोई	1
	-	(ii)	-	क्रियाविशेषण पदबंध	1
	-	(iii)	-	संज्ञा पदबंध	1
	-	(iv)	-	क्रिया पदबंध कारण- क्रिया पदों का समूह, शीर्ष पद - क्रिया	½ +½
	-	(v)	-	विशेषण पदबंध	1
	-	-	(i)	हममें से किसी	1
	-	-	(ii)	क्रियाविशेषण पदबंध	1
	-	-	(iii)	संज्ञा पदबंध	1
	-	-	(iv)	क्रिया पदबंध कारण- क्रिया पदों का समूह, शीर्ष पद - क्रिया	½ +½
	-	-	(v)	विशेषण पदबंध	1
4	**4**	**4**	**4**	**'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**(4x1 =4)**
	(i)	-	-	संयुक्त वाक्य	1
	(ii)	-	-	ग्वालियर के हमारे मकान में दालान था और उसमें दो रोशनदान थे।	1
	(iii)	-	-	सरल वाक्य	1
	(iv)	-	-	जब खड़े होने की जगह कम पड़ी तो उसे गुस्सा आ गया। अथवा चूँकि खड़े होने की जगह कम पड़ने लगी इसलिए उसे गुस्सा आ गया।	1
	(v)	-	-	गिन्नी का सोना शुद्ध सोने से मजबूत होने के कारण औरतें इसी से गहने बनवाती हैं।	1

	-	(i)	-	संयुक्त वाक्य	1
	-	(ii)	-	दूसरे दिन स्कूल में वह इफ़्फ़न से मिला और उसे सारी बातें बता दीं।	1
	-	(iii)	-	चूँकि कर्नल पर उसका रौब था इसलिए उसके मुँह से शब्द नहीं निकल रहे थे। अथवा कर्नल पर उसका जो रौब था उसके कारण उसके मुँह से शब्द नहीं निकल रहे थे।	1
	-	(iv)	-	तीसरी कसम को प्रदर्शित करने के लिए बमुश्किल वितरक का मिलना एक दुखद सत्य है।	1
	-	(v)	-	मिश्र वाक्य	1
	-	-	(i)	संयुक्त वाक्य	1
	-	-	(ii)	उसी वक्त नौकर आया और उसने दादी के गुजर जाने की बात बताई।	1
	-	-	(iii)	सरल वाक्य	1
	-	-	(iv)	तताँरा-वामीरो के विभक्त होने की एक लोककथा है जो आज भी दोहराई जाती है। अथवा तताँरा-वामीरो के विभक्त होने की जो एक लोककथा है, वह आज भी दोहराई जाती है।	1
	-	-	(v)	इन्हीं जंगलों में उसके होने की बात मुझे अच्छी तरह पता है।	1
5	**5**	**5**	**5**	**'समास'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**(4x1 =4)**
	(i)	-	-	विशेषता- पूर्व पद अव्यय और प्रधान उदाहरण- यथाविधि (अन्य उचित उदाहरण भी स्वीकार्य)	½+½
	(ii)	-	-	तत्पुरुष समास	1
	(iii)	-	-	महान है जो कवि - कर्मधारय समास	½+½
	(iv)	-	-	तीसरा / अन्य पद प्रधान	1
	(v)	-	-	दोपहर - द्विगु समास	½+½
	-	(i)	-	विशेषता- दोनों पद प्रधान, योजक चिह्न का प्रयोग उदाहरण – भाई-बहन (कोई अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य)	½+½
	-	(ii)	-	द्विगु समास / बहुव्रीहि समास	1
	-	(iii)	-	हर दिन / दिन-दिन - अव्ययीभाव समास	½+½
	-	(iv)	-	उत्तर पद प्रधान	1
	-	(v)	-	दयाप्रवाह - कर्मधारय समास / तत्पुरुष समास	½+½

	-	-	(i)	विशेषता- पूर्व पद संख्यावाचक, उत्तर पद प्रधान उदाहरण-दोपहर (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य)	½+½
	-	-	(ii)	बहुव्रीहि / कर्मधारय समास	1
	-	-	(iii)	धर्म के / का ग्रंथ - तत्पुरूष समास	½+½
	-	-	(iv)	दोनों पद प्रधान	1
	-	-	(v)	चेतनाशक्ति - कर्मधारय समास	½+½
6	**6**	**6**	**6**	**'मुहावरे'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**(4x1 =4)**
	(i)	-	-	उचित अर्थपूर्ण वाक्य-प्रयोग पर अंक दिए जाएँ	1
	(ii)	-	-	आँखें खुलना / आँखों से परदा हटना / आटे-दाल का भाव पता चलना (अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य)	1
	(iii)	-	-	आग लगना (अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य)	1
	(iv)	-	-	दिमाग होना- घमंड होना दिमाग चकराना - कुछ समझ न आना (अर्थ अथवा वाक्य-प्रयोग द्वारा अंतर स्पष्ट करने पर अंक दिए जाएँ)	½+½
	(v)	-	-	अर्थ - बिल्कुल पसंद न करना / नापसंद करना उचित अर्थपूर्ण वाक्य-प्रयोग पर अंक दिए जाएँ	½+½
	-	(i)	-	उचित अर्थपूर्ण वाक्य-प्रयोग पर अंक दिए जाएँ	1
	-	(ii)	-	जले / घाव पर नमक छिड़कना (अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य)	1
	-	(iii)	-	तितर-बितर होना / नौ-दो ग्यारह होना / चम्पत होना / सिर पर पैर रखकर भागना / हक्के-बक्के होना (अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य)	1
	-	(iv)	-	अर्थ- तत्परता / लगन / मेहनत से कोई कार्य करना उचित अर्थपूर्ण वाक्य-प्रयोग पर अंक दिए जाएँ	½+½
	-	(v)	-	अर्थ- शर्मिंदा होना अर्थ- मेहनत बर्बाद कर देना / काम खराब कर देना (अर्थ अथवा वाक्य-प्रयोग द्वारा अंतर स्पष्ट करने पर अंक दिए जाएँ)	½+½
	-	-	(i)	उचित अर्थपूर्ण वाक्य-प्रयोग पर अंक दिए जाएँ	1
	-	-	(ii)	ऐरा गैरा नत्थु खैरा (अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य)	1
	-	-	(iii)	सिर-आँखों पर बिठाना / पलकों पर बिठाना (अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य)	1

	-	-	(iv)	आँखें फोड़ना - बहुत अधिक पढ़ना आँख दिखाना - गुस्से से देखना (अर्थ अथवा वाक्य-प्रयोग द्वारा अंतर स्पष्ट करने पर अंक दिए जाएँ)	½+½
	-	-	(v)	अर्थ- निस्संकोच बात करना उचित अर्थपूर्ण वाक्य-प्रयोग पर अंक दिए जाएँ	½+½
				खंड – ग **(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)**	**(28)**
7	**7** (i) (ii) (iii) (iv) (v)	10 (i) (ii) (iii) (iv) (v)	8 (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : (C) वह समझ नहीं पा रहा था कि क्या करे, क्या न करे। (A) सार्वजनिक रूप से अपमानित होने के भय से (D) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है। (D) नृत्य-संगीत की प्रतियोगिता (C) वामीरो की माँ	**5 x 1 = 5**
8	**8** (i) (ii) (iii) (iv)	9 (i) (ii) (iii) (iv)	9 (i) (ii) (iii) (iv)	**'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित (लगभग 25-30 शब्दों में) – ● मन की स्थिरता और आत्म-अनुभूति ● अतीत का भय और भविष्य की चिंता – दोनों ही मिथ्या ● वर्तमान में जीने की प्रेरणा (कोई दो बिंदु अपेक्षित) ● पेड़-पौधों, नदियों तथा अपने आस-पास के जीव-जंतुओं के प्रति सम्मान एवं संवेदना (प्रश्न के दूसरे भाग के लिए विद्यार्थियों के तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य) ● बड़े भाई साहब पर हमेशा आदर्श भूमिका में बने रहने का दबाव ● अपनी इच्छाओं का दमन ● जिम्मेदारी और कर्तव्यबोध (विद्यार्थियों के अन्य तर्कपूर्ण उत्तर स्वीकार्य) ● राष्ट्र सर्वोपरि ● तत्कालीन परिस्थितियों में विद्यार्थियों का स्वतंत्रता आंदोलनों में भाग लेना स्वाभाविक ● युवाओं में देश के प्रति प्रेम और कर्त्तव्य-बोध (विद्यार्थियों के अन्य तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य)	**(3x2 = 6)** 2 1+1 2 2

9	**9** (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**7** (i) (ii) (iii) (iv) (v)	7 (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : (C) स्वयं के साथ समाज का उत्थान (C) खुशी के साथ (A) हर तरह के लोगों के साथ मिल-जुलकर आगे बढ़ना। (C) तभी समर्थ भाव है कि तारता हुए तरे (D) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है।	**5 x 1 = 5**
10	**10** (i) (ii) (iii) (iv)	**8** (i) (ii) (iii) (iv)	**10** (i) (ii) (iii) (iv)	**'काव्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित (लगभग 25-30 शब्दों में) – ● पर्वत का पुष्प-रूपी नेत्रों से अपने महाकार को ताल में बार-बार निहारना ● पर्वत का अपने रूप-सौंदर्य पर मोहित और चकित होना ● विरासत और इतिहास को संरक्षित और सुरक्षित रखने का भाव ● वर्तमान पीढ़ी को अंग्रेजी सत्ता की क्रूरता और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग तथा बलिदान का स्मरण कराना ● कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियाँ ● हर क्षण मृत्यु का सामना ● अपने बलिदान के बाद देश-रक्षा की चिंता (कोई दो बिंदु अपेक्षित) ● दर्शन, सुमिरन, भाव-भक्ति रूपी जागीर ● श्रीकृष्ण के सान्निध्य का अवसर	**(3x2 = 6)** 2 2 2 2
11	**11** (i) (ii) (iii)	**11** - - -	11 - - -	पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 – 50** शब्दों में अपेक्षित - ● टोपी अपने घर में उपेक्षित, प्रताड़ित और अकेलेपन का शिकार ● उसकी भावनाओं को समझने और कद्र करने वाला अभिन्न मित्र - इफ़्फ़न ● इफ़्फ़न की दादी और उनकी बोली से टोपी का विशेष लगाव ● विद्यार्थियों के तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य ● ठाकुरबारी का विस्तार ● धन, सुख-सुविधा, मान-सम्मान और वर्चस्व में वृद्धि ● पुनः / स्थायी महंत बना दिए जाने की संभावना (पाठ के आधार पर विद्यार्थियों के अन्य उपयुक्त तर्क भी स्वीकार्य)	**(2x3 =6)** 3 3 3

	-	(i)	-	• मोहल्ले एवं पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं से युक्त सामुदायिक केंद्रों का निर्माण • मनोरंजन और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था • कानूनी सहायता प्रदान करना • वृद्धों के हित में नीति-निर्माण एवं निजी / सरकारी संस्थाओं द्वारा उपयुक्त कदम उठाना	3
	-	(ii)	-	• लेखक और उसके मित्रों को गतिविधियों के बिना पढ़ाई अरुचिकर लगना • गतिविधियों से विद्यार्थियों में क्रियाशीलता, उत्साह, नवीन संकल्पना जैसे विद्यार्थियों का स्काउट पी.टी. / परेड में खुशी मिलना • अनुभव-जन्य समझ का विकास (पाठ के आधार पर विद्यार्थियों के अन्य उपयुक्त तर्क भी स्वीकार्य)	3
	-	(iii)	-	• इफ़्फ़न के घर में तिरस्कृत होने के बावजूद टोपी को इफ़्फ़न की दादी से स्नेह मिलना • इफ़्फ़न की दादी और उनकी बोली से टोपी का विशेष लगाव • भावनाओं को समझने और कद्र करने वाला अभिन्न मित्र - इफ़्फ़न	3
	-	-	(i)	• दो पात्र- टोपी शुक्ला और इफ़्फ़न की दादी • दोनों ही भरे-पूरे परिवारों में रहते हुए भी उपेक्षित और अकेलेपन के शिकार • एक-दूसरे के प्रति स्नेहपूर्ण व्यवहार • एक समान बोली के कारण परस्पर आत्मीयता एवं जुड़ाव	3
	-	-	(ii)	• कठोर शारीरिक दंड के स्थान पर विद्यार्थियों के मनोभाव को समझते हुए उचित परामर्श • अभिभावकों को विश्वास में लेकर विद्यार्थियों में सकारात्मक परिवर्तन लाना • विद्यार्थियों को अपेक्षित स्वतंत्रता के साथ रचनात्मक कार्यों में संलग्न करना (विद्यार्थियों के अन्य तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर भी स्वीकार्य)	3
	-	-	(iii)	संकट- • महंत के अनुसार भाइयों के मोह-माया के बंधन में • धर्मसंकट अर्थात जमीन के उत्तराधिकारी के चयन की दुविधा कारण- • गृहस्थ होने के कारण हरिहर का अपने भाइयों और उनके परिवार से सहज लगाव • धार्मिक प्रवृत्ति का व्यक्ति होने के कारण ठाकुरबारी के प्रति भी झुकाव	1+2

				खंड – घ **(रचनात्मक लेखन)**	**(22)**
12	**1**2	14	13	किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन : ● विषय-वस्तु – 3 अंक ● भाषा – 1 अंक ● प्रस्तुति – 1 अंक	**1 x 5 = 5**
13	**1**3	**1**2	**1**4	किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन: ● आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक ● विषय-वस्तु – 3 अंक ● भाषा – 1 अंक	**1 x 5 = 5**
14	**1**4	**1**5	16	किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन: ● विषय-वस्तु – 2 अंक ● प्रारूप – 1 अंक ● भाषा – 1 अंक	**1 x 4 = 4**
15	**1**5	**1**6	**1**5	किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन : ● विषय-वस्तु – 1 अंक ● प्रस्तुति – 1 अंक ● भाषा – 1 अंक	**1 x 3 = 3**
16	**1**6	**1**3	**1**2	ई-मेल लेखन **अथवा** लघुकथा लेखन : ई-मेल लेखन (लगभग 80 शब्दों में) - ● विषय-वस्तु – 3 अंक ● प्रारूप – 1 अंक ● भाषा – 1 अंक **अथवा** लघुकथा लेखन (लगभग 100 शब्दों में) – ● मौलिक विषय-वस्तु – 3 अंक ● भाषा – 1 अंक ● प्रभाव – 1 अंक	**1 x 5 = 5**

Series : HGFE1

SET ~ 1

प्रश्न-पत्र कोड **4/1/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

नोट :

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और
इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

हिन्दी (ब)
HINDI (B)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*

*अधिकतम अंक : **80***

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल ***16*** प्रश्न हैं। ***सभी*** प्रश्नों के उत्तर देना ***अनिवार्य*** है।

(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खण्ड हैं – ***क***, ***ख***, ***ग*** और ***घ***।

(iii) ***खण्ड क*** में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।

(iv) ***खण्ड ख*** में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।

(v) ***खण्ड ग*** पाठ्य-पुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

(vi) ***खण्ड घ*** रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।

(vii) यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

खण्ड क

(अपठित बोध)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

भारतीय चिंतन में स्वास्थ्य का अर्थ 'स्व' में स्थित होता है। दूसरे शब्दों में एक आत्मस्थ व्यक्ति को स्वस्थ कहा जा सकता है। जीवन का आनंद लेने के लिए स्वस्थ रहने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य व्यक्ति के व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण है। समाज का एक उत्पादक सदस्य होने के नाते हमें जागरूक और शरीर से क्रियाशील होने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य मनोविज्ञान में वे मनोवैज्ञानिक कारक आते हैं जो स्वास्थ्य को बनाए रखने और उन्नत करने में सहायक होते हैं। यह उन कारकों की भी खोज करता है जो रोग की स्थिति पैदा करते हैं। हमारी जीवन शैली और सोचने एवं व्यवहार करने के तरीके लोगों के स्वास्थ्य स्तर में योगदान करते हैं। व्यायाम, पौष्टिक भोजन लेने और धूम्रपान जैसे दुर्व्यसनों में परिवर्तन से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है।

स्वास्थ्य शारीरिक और मानसिक कुशलक्षेम की अवस्था को कहते हैं। यह एक सकारात्मक अवस्था है। लोगों के व्यक्तिगत तथा सामाजिक जीवन में स्वास्थ्य का केन्द्रीय स्थान है। आज की दुनिया में लोगों के गुणात्मक जीवन को चारों ओर से चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिसका परिणाम लोगों का गिरता स्वास्थ्य है। एक ओर बाहरी पर्यावरण बड़ी तेजी से बदल रहा है। इससे अनेक पर्यावरणीय तनावों से सफलतापूर्वक निपटने की आवश्यकता है। सामाजिक संरचना में आए बदलाव जैसे परिवार और अन्य सामाजिक संस्थाओं का विघटन, प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावादी संस्कृति द्वंद्व और असहयोग को बढ़ावा प्रदान कर स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

(i) गद्यांश के अनुसार व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण है : *1*

(A) धन

(B) संघर्ष

(C) स्वास्थ्य

(D) परिश्रम

(ii) 'समाज का उत्पादक सदस्य होने से' क्या अभिप्राय है ? *1*

(A) समाज के विकास में योगदान देने वाला सक्रिय नागरिक

(B) कल-कारखानों में काम करने वाला मेहनती श्रमिक

(C) खेत-खलिहानों में काम करने वाला परिश्रमी किसान

(D) देश के विकास में योगदान देने वाला चिंतनशील वैज्ञानिक

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

कथन : उत्तम स्वास्थ्य व्यक्ति के व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन के लिए आवश्यक है।
कारण : मन की जागरूकता और शरीर की क्रियाशीलता स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है।

विकल्प :

(A) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है।

(B) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(C) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।

(D) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(iv) स्वास्थ्य पर प्रभाव डालने वाले नकारात्मक कारकों का उल्लेख कीजिए। *2*

(v) स्वास्थ्य किसे कहते हैं ? शरीर को स्वस्थ कैसे रखा जा सकता है ? *2*

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

क्रोध दु:ख के चेतन कारण के साक्षात्कार या अनुमान से उत्पन्न होता है। साक्षात्कार के समय दु:ख और उसके कारण के संबंध का परिज्ञान आवश्यक है। तीन-चार महीने के बच्चे को कोई हाथ उठाकर मार दे, तो उसने हाथ उठाते तो देखा है पर उसकी पीड़ा और उस हाथ उठाने से क्या संबंध है, यह वह नहीं जानता है। अतः वह केवल रोकर अपना दु:ख मात्र प्रकट कर देता है। दु:ख के कारण की स्पष्ट धारणा के बिना क्रोध का उदय नहीं होता। दु:ख के सज्ञान कारण पर प्रबल प्रभाव डालने में प्रवृत्त करवाने वाला मनोविकार होने के कारण क्रोध का आविर्भाव बहुत पहले देखा जाता है। शिशु अपनी माता की आकृति से परिचित हो जाने पर ज्यों ही यह जान जाता है कि दूध इसी से मिलता है, भूखा होने पर वह उसे देखते ही अपने रोने में कुछ क्रोध का आभास देने लगता है।

सामाजिक जीवन में क्रोध की ज़रूरत बराबर पड़ती है। यदि क्रोध न हो तो मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से कष्टों की चिरनिवृत्ति का उपाय ही न कर सकेगा। समाज में निराशा और अत्याचार का बोलबाला बढ़ जाएगा। कोई मनुष्य किसी दुष्ट के नित्य दो-चार प्रहार सहता है। यदि उसमें क्रोध का विकास नहीं हुआ है तो वह केवल आह-ऊह करेगा, जिसका उस दुष्ट पर कोई प्रभाव नहीं। उस दुष्ट के हृदय में विवेक, दया आदि उत्पन्न करने में बहुत समय लगेगा। संसार किसी को इतना समय ऐसे छोटे-छोटे कामों के लिए नहीं दे सकता।

(i) क्रोध की उत्पत्ति का क्या कारण है ? *1*

(A) सामने वाले के हृदय में दया उत्पन्न करना

(B) दु:ख के चेतन कारण के साक्षात्कार का अनुमान

(C) क्रोध को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानना

(D) अपनी भावनाओं पर नियंत्रण न रख पाना

(ii) माँ की गोद में जाते ही शिशु क्यों शांत हो जाता है ? *1*

(A) माता शिशु की जननी है।

(B) सुरक्षा का अनुभव करता है।

(C) माँ की गोद में ममता का अनुभव करता है।

(D) माँ की आकृति पहचान भूख शांत हो जाने की आशा है।

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

कथन : क्रोध की आह-ऊह का दुष्ट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

कारण : दुष्ट के हृदय में विवेक, दया आदि उत्पन्न करने में बहुत समय लगेगा।

विकल्प :

(A) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।

(iv) गद्यांश का लेखक सामाजिक जीवन में क्रोध का समर्थन करता है, क्यों ? *2*

(v) गद्यांश के आधार पर क्रोध की व्याख्या कीजिए। *2*

खण्ड ख
(व्यावहारिक व्याकरण)

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(क) 'बचपन में हरिहर काका मुझे सुबह से शाम तक घुमाया करते थे ।' – वाक्य में से क्रिया-विशेषण (अव्यय) पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) किसी वाक्य में विशेषण पदबंध की पहचान कैसे की जा सकती है ?

(ग) 'गाँव के मध्य बरगद का पुराना वृक्ष स्थित है ।' – इस वाक्य में रेखांकित भाग किस पदबंध का उदाहरण है और क्यों ? स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'बाहर से आए छात्रों में से कुछ देशाटन के लिए गए हैं ।' – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(ङ) 'अवकाश के दिनों में एक-डेढ़ महीना खूब खेला-कूदा करते थे ।' – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(क) मिश्र वाक्य को संयुक्त वाक्य में कैसे रूपांतरित किया जाता है ? उदाहरण सहित लिखिए।

(ख) 'सआदत अली हमारा दोस्त है और बहुत ऐश पसंद आदमी है।' – सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) 'नेचर की सहनशक्ति की भी एक सीमा होती है।' – मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(घ) 'नूह उनकी बात सुनकर दुखी हो मुद्दत तक रोते रहे।' – संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ङ) 'बाइबिल और दूसरे पावन ग्रंथों में नूह नाम के एक पैगंबर का जिक्र मिलता है।' – रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(क) द्वंद्व समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

(ख) तुलसी द्वारा कृत (रचित) रामचरितमानस प्रसिद्ध ग्रंथ है। रेखांकित पदों की जगह उपयुक्त समस्तपद प्रयुक्त कीजिए तथा समास का नाम भी लिखिए।

(ग) 'कृष्णमृग' समस्तपद का विग्रह करते हुए समास का नाम भी लिखिए।

(घ) 'दशानन' समस्तपद समास के किस भेद का उदाहरण है ?

(ङ) 'पीतांबर' समस्तपद का विग्रह कर्मधारय और बहुव्रीहि समास दोनों रूपों में कीजिए।

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(क) 'जिस व्यक्ति को विरह रूपी सर्प डस लेता है उस पर कोई मंत्र नहीं लगता।' – पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ख) 'जरा भी अच्छा न लगना' (न सुहाना) अर्थ को व्यक्त करने वाला उपयुक्त मुहावरा लिखिए।

(ग) 'जिगर के टुकड़े-टुकड़े होना' मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(घ) 'जब से प्रतियोगी परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, अक्षय के _____ पड़ रहे।' – उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(ङ) 'तिल का ताड़ बनाना' मुहावरे के अर्थ को व्यक्त करने वाला कोई अन्य मुहावरा लिखिए।

खण्ड ग

(पाठ्य-पुस्तक)

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

इतिहास में रावण का हाल तो पढ़ा ही होगा। उसके चरित्र से तुमने कौन-सा उपदेश लिया ? या यों ही पढ़ गए ? महज इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज़ नहीं, असल चीज़ है बुद्धि का विकास। जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो। रावण भूमंडल का स्वामी था। ऐसे राजाओं को चक्रवर्ती कहते हैं। आजकल अंग्रेज़ों के राज्य का विस्तार बहुत बढ़ा हुआ है, पर इन्हें चक्रवर्ती नहीं कह सकते। संसार में अनेक राष्ट्र अंग्रेज़ों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते, बिलकुल स्वाधीन हैं। रावण चक्रवर्ती राजा था, संसार के सभी महीप उसे कर देते थे। बड़े-बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे। आग और पानी के देवता भी उसके दास थे, मगर उसका अंत क्या हुआ ? घमंड ने उसका नाम-निशान तक मिटा दिया, कोई उसे एक चुल्लू भर पानी देने वाला भी न बचा। आदमी और जो कुकर्म चाहे करे, पर अभिमान न करे, इतराए नहीं। अभिमान किया और दीन-दुनिया दोनों से गया।

(i) गद्यांश में रावण का उदाहरण किस उद्देश्य से दिया गया है ? *1*

(A) छोटे भाई को अभिमान के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए

(B) रावण के दुखदायी और एकाकी अंत से परिचित कराने के लिए

(C) रावण को अंग्रेज़ों से भी अधिक शक्तिशाली बताने के लिए

(D) रावण के शक्तिशाली साम्राज्य से परिचित कराने के लिए

(ii) रावण को चक्रवर्ती सम्राट कहे जाने का प्रमुख कारण है : *1*

(A) बड़े-बड़े देवताओं को अपने नियंत्रण में रखना

(B) संपूर्ण संसार पर अपना आधिपत्य स्थापित करना

(C) राजा-महाराजाओं से मनमाना कर वसूल करना

(D) अपने राज्य का विस्तार दूर तक करना

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

कथन : इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज़ नहीं, असल चीज़ है बुद्धि का विकास।

कारण : वास्तविक ज्ञान बौद्धिक ज्ञान है जो जीवन को सार्थक बनाता है।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(C) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।

(D) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है।

(iv) कॉलम-I को कॉलम-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

कॉलम-I		कॉलम-II	
1.	नाम-निशान मिटा देना	I.	कहीं का नहीं रहना
2.	एक चुल्लू भर पानी न देना	II.	अस्तित्व समाप्त करना
3.	दीन-दुनिया से जाना	III.	थोड़ी भी सहायता न करना

विकल्प :

(A) 1-III, 2-II, 3-I

(B) 1-I, 2-II, 3-III

(C) 1-II, 2-III, 3-I

(D) 1-II, 2-I, 3-III

(v) गद्यांश के मूल भाव को व्यक्त करने वाला/वाले कथन है/हैं : *1*

I. व्यक्ति को घमंड नहीं करना चाहिए।

II. शिक्षा प्राप्ति का उद्देश्य ज्ञान के साथ बौद्धिक विकास है।

III. देवताओं का अनादर नहीं करना चाहिए।

IV. किताबें पढ़कर ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है।

विकल्प :

(A) केवल IV (B) केवल II

(C) I और II दोनों (D) I और IV दोनों

8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'एक संगठित समाज कृत-संकल्प हो तो कुछ भी कर सकता है।' 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर इस कथन को सिद्ध कीजिए।

(ख) अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की भौगोलिक स्थिति स्पष्ट करते हुए, इसमें आए परिवर्तन का उल्लेख 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ के आधार पर कीजिए।

(ग) तीसरी क़सम फ़िल्म में राजकपूर अभिनय नहीं करता। वह हीरामन के साथ एकाकार हो गया है। 'तीसरी क़सम के शिल्पकार शैलेंद्र' – पाठ के संदर्भ में कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर नूह के मुद्दत तक रोते रहने का कारण स्पष्ट कीजिए। इससे उनके चरित्र की किस विशेषता का पता चलता है ?

9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए : *5×1=5*

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,
पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश।
मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,
– जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल !

(i) 'पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश' पंक्ति का अभिप्राय है : *1*

(A) प्रकृति अपनी वेशभूषा बार-बार बदल रही है
(B) पर्वतों पर बादल बार-बार रूप बदल रहे हैं
(C) प्रकृति का रूप सौंदर्य पल-पल नए रूप धारण कर रहा है
(D) बादल बार-बार प्रकृति को नया रूप प्रदान कर रहे हैं

(ii) पर्वतों की आँखें किसे कहा गया है ? *1*

(A) दर्पण को (B) ताल को
(C) पुष्पों को (D) मेखला को

(iii) तालाब की समानता दर्पण से किस आधार पर की गई है ? *1*

(A) रूपाकार (B) चमक

(C) पारदर्शिता (D) स्वच्छता

(iv) पर्वत ताल में क्या देख रहा है ? *1*

(A) आकाश का प्रतिबिंब (B) रंग-बिरंगे पुष्प

(C) अपना विशाल आकार (D) बादलों का सौंदर्य

(v) प्रस्तुत काव्यांश में कवि ने किसका वर्णन किया है ? *1*

(A) वर्षा ऋतु में पर्वतीय प्रदेश की अलौकिक सुषमा

(B) वर्षा ऋतु में रंग-बिरंगे पुष्पों की सुंदरता

(C) पर्वतीय प्रदेशों में पाई जाने वाली वनस्पति

(D) पर्वतों की तलहटी में पलने वाले तालाब

10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) साधारणत: निंदक किसी को पसंद नहीं होते फिर भी कबीरदासजी ने निंदकों को अपने पास रखने की सलाह क्यों दी है ?

(ख) कृष्ण की लीलाओं एवं महिमा वर्णन के पीछे मीराबाई का क्या उद्देश्य था ?

(ग) तोप और चिड़िया की प्रतीकात्मकता स्पष्ट करते हुए 'तोप' कविता का संदेश स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'खूँ से ज़मीं पर लकीर खींचने' का आशय क्या है – 'कर चले हम फ़िदा' कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 – 50 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'हरिहर काका' पाठ में हरिहर काका की तुलना मझधार में फँसी नाव पर सवार लोगों से किस आधार पर की गई है ? स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में अंग्रेज़ों द्वारा गाँव के नवयुवकों को फ़ौज में भर्ती करने के लिए नौटंकी द्वारा उन्हें आकर्षित करने का उल्लेख किया गया है। वर्तमान समय में प्रचार-प्रसार के तरीकों में क्या परिवर्तन आया है ?

(ग) 'टोपी शुक्ला' पाठ में टोपी के लगातार दो बार फ़ेल हो जाने के जो कारण दिए गए हैं, क्या आप उनसे सहमत हैं ? सहमति या असहमति दोनों स्थितियों में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

खण्ड घ

(रचनात्मक लेखन)

12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) पर सेवा का सुख
संकेत-बिंदु

- पर सेवा से अभिप्राय
- पर सेवा से प्राप्त अनुभव
- मानव जीवन की कृतार्थता

(ख) धरती का बढ़ता तापमान
संकेत-बिंदु

- तापमान बढ़ोतरी का कारण
- बढ़ोतरी से उत्पन्न समस्याएँ
- बढ़ते तापमान का समाधान

(ग) टी-20 विश्व कप (2024) का सबसे रोमांचक मैच
संकेत-बिंदु

- मैच का परिचय
- मैच के रोमांचक पल
- विजेता टीम के साथ उल्लास

13. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए : *5*

(क) अपने विद्यालय में आयोजित होने वाले खेल-दिवस समारोह में किसी विशिष्ट खेल में सम्मानित व्यक्ति को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करते हुए प्रधानाचार्य की ओर से एक पत्र लिखिए।

अथवा

(ख) आपका नाम शोभित/शोभना है। भीषण गर्मी के कारण वैश्विक स्तर पर जंगलों में लगने वाली आग पर चिंता और उसके समाधानों पर विचार व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक हिंदी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए : *4*

(क) आप दिव्य/दिव्या हैं। आप अपनी आवासीय समिति के कल्याण सचिव हैं। अपनी सोसायटी में आयोजित होने वाले सात दिवसीय योग शिविर की जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए।

अथवा

(ख) आप विद्यालय के विद्यार्थी परिषद् के सचिव दिव्य/दिव्या हैं । आर्थिक दृष्टि से कमजोर विद्यार्थियों की सहायता हेतु विद्यालय के पुस्तकालय में बुक-बैंक की स्थापना की गई है। इस विषय में सभी विद्यार्थियों को इसकी जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

15. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए : *3*

(क) सोलर पैनल वाली कंपनी 'ऊर्जा' की ओर से अपने उत्पाद की जानकारी देने और बिक्री बढ़ाने हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

(ख) प्रदेश सरकार की ओर से दसवीं और बारहवीं कक्षा के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किए जाने की जानकारी देते हुए आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

16. (क) आप भैरव/भैरवी हैं । अपने क्षेत्र में सरकारी दवाखाना खुलवाने का निवेदन करते हुए नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। *5*

अथवा

(ख) "रविवार का दिन था। माँ रसोई में खाना बना रही थी तभी दरवाज़े पर दस्तक हुई।" — पंक्ति को आधार बनाकर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।

अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु

सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2024-25

अंक-योजना

हिंदी 'ब' विषय कोड—085

प्रश्न-पत्र कोड-- 4/1/1, 4/1/2, 4/1/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा-प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हों कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें और उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ पर की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आँकड़ों और शब्दों में लिखें।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

Series: HGFE1 प्रश्न-पत्र कोड 4/1/1, 4/1/2, 4/1/3

अंक योजना

हिंदी 'ब'(085)

प्रश्न सं.	4/1/1	4/1/2	4/1/3	मूल्यांकन बिंदु	अंक
				खंड - क **(अपठित बोध)**	
1	**1**	**2**	**1**	**अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न :	(7)
	(i)	(i)	(i)	(C) स्वास्थ्य	1
	(ii)	(ii)	(ii)	(A) समाज के विकास में योगदान देने वाला सक्रिय नागरिक	1
	(iii)	(iii)	(iii)	(A) कथन सही है लेकिन कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है।	1
	(iv)	(iv)	(iv)	• पर्यावरण परिवर्तन • सामाजिक संरचना में आए बदलाव • प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावादी संस्कृति (किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)	2
	(v)	(v)	(v)	किसे- शारीरिक और मानसिक रूप से कुशलक्षेम की अवस्था कैसे- व्यायाम, पौष्टिक भोजन लेने और बुरी आदतों में परिवर्तन	1+1
2	**2**	**1**	**2**	**अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न :	(7)
	(i)	(i)	(i)	(B) दुख के चेतन कारण के साक्षात्कार का अनुमान	1
	(ii)	(ii)	(ii)	(D) माँ की आकृति पहचान भूख शांत हो जाने की आशा है।	1
	(iii)	(iii)	(iii)	(A) कथन सही है लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है।	1
	(iv)	(iv)	(iv)	• दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले कष्टों से बचने के लिए • समाज से निराशा और अत्याचार दूर करने के लिए	2
	(v)	(v)	(v)	• दुख के कारण की जानकारी या अनुमान से जन्म लेने वाला भाव • दूसरों के द्वारा सताए जाने पर उत्पन्न होने वाला भाव • क्रोध के कारण तथा परिणाम के अन्य बिंदु भी स्वीकार्य	2

				खंड – ख **(व्यावहारिक व्याकरण)**	
3	**3**	**3**	**3**	**'पदबंध'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	(1x4 =4)
	(क)	-	-	सुबह से शाम तक	1
	(ख)	-	-	विशेषण पदों का समूह/ शीर्ष पद विशेषण	1
	(ग)	-	-	संज्ञा पदबंध, संज्ञा पदों का समूह/ शीर्ष पद संज्ञा	½+½
	(घ)	-	-	सर्वनाम पदबंध	1
	(ङ)	-	-	क्रिया पदबंध	1
	-	(क)	-	विशेषण पदों का समूह/ शीर्ष पद विशेषण	1
	-	(ख)	-	हवेली से दालान की ओर	1
	-	(ग)	-	संज्ञा पदबंध, संज्ञा पदों का समूह/ शीर्ष पद संज्ञा	½+½
	-	(घ)	-	सर्वनाम पदबंध	1
	-	(ङ)	-	क्रिया पदबंध	1
	-	-	(क)	लुढ़कते-सरकते हुए	1
	-	-	(ख)	संज्ञा पदबंध, संज्ञा पदों का समूह/ शीर्ष पद संज्ञा	½+½
	-	-	(ग)	सर्वनाम पदबंध	1
	-	-	(घ)	क्रिया पदबंध	1
	-	-	(ङ)	विशेषण पदों का समूह/ शीर्ष पद विशेषण	1
4	**4**	**4**	**4**	**'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	(1x4 =4)
	(क)	-	-	मिश्र वाक्य के प्रधान एवं आश्रित उपवाक्यों को स्वतंत्र वाक्यों में बदलना तथा उन्हें योजक से जोड़ना, उदाहरण- मिश्र वाक्य- जैसे ही अध्यापक कक्षा में आए छात्र शांत हो गए। सरल वाक्य में रूपांतरण : अध्यापक कक्षा में आए। छात्र शांत हो गए। संयुक्त में रूपांतरण : अध्यापक कक्षा में आए और छात्र शांत हो गए। (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य)	½+½
	(ख)	-	-	हमारा दोस्त सआदत अली बहुत ऐश पसंद आदमी है।	1
	(ग)	-	-	नेचर की जो सहनशक्ति है उसकी भी एक सीमा होती है।/ जो नेचर की सहनशक्ति है उसकी भी एक सीमा होती है।	1

	(घ)	-	-	नूह उनकी बात सुनकर दुखी हुए और मुद्दत तक रोते रहे।	1
	(ङ)	-	-	सरल वाक्य	1
	-	(क)	-	शुद्ध सोना और गिन्नी का सोना अलग-अलग है।	1
	-	(ख)	-	मिश्र वाक्य के प्रधान एवं आश्रित उपवाक्यों को स्वतंत्र वाक्यों में बदलना तथा उन्हें योजक से जोड़ना, उदाहरण- मिश्र वाक्य- जैसे ही अध्यापक कक्षा में आए छात्र शांत हो गए। सरल वाक्य में रूपांतरण : अध्यापक कक्षा में आए। छात्र शांत हो गए। संयुक्त में रूपांतरण : अध्यापक कक्षा में आए और छात्र शांत हो गए। (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य)	½+½
	-	(ग)	-	बड़े-बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेल रहे हैं और उसकी ज़मीन हथिया रहे हैं।	1
	-	(घ)	-	हमारे ग्वालियर का जो मकान था उसके दालान में दो रोशनदान थे।	1
	-	(ङ)	-	सरल वाक्य	1
	-	-	(क)	'जागते रहो' फिल्म में राजकपूर ने जो अभिनय किया उसे बहुत सराहा गया।	1
	-	-	(ख)	अच्छी शासन व्यवस्था समता पर चलती है।	1
	-	-	(ग)	चेखव लेखक हैं और वे सारे संसार के चहेते माने जाते हैं।	1
	-	-	(घ)	मिश्र वाक्य के प्रधान एवं आश्रित उपवाक्यों को स्वतंत्र वाक्यों में बदलना तथा उन्हें योजक से जोड़ना, उदाहरण- मिश्र वाक्य- जैसे ही अध्यापक कक्षा में आए छात्र शांत हो गए। सरल वाक्य में रूपांतरण : अध्यापक कक्षा में आए। छात्र शांत हो गए। संयुक्त में रूपांतरण : अध्यापक कक्षा में आए और छात्र शांत हो गए। (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य)	½+½
	-	-	(ङ)	सरल वाक्य	1
5	**5**	**5**	**5**	**'समास'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	(1x4 =4)
	(क)	-	-	द्वंद्व समास में पूर्व और उत्तर दोनों पद प्रधान, उदाहरण- सुख-दुख, दूध-दही आदि। (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य)	½+½
	(ख)	-	-	तुलसीकृत – तत्पुरुष समास	½+½
	(ग)	-	-	कृष्ण है जो मृग – कर्मधारय समास	½+½
	(घ)	-	-	विग्रह के अनुसार- बहुव्रीहि समास/द्विगु समास/कर्मधारय समास	1
	(ङ)	-	-	पीला/पीत है जो अंबर – कर्मधारय समास या पीले/पीत हैं अंबर जिनके – बहुव्रीहि समास	½+½

	-	(क)	-	शरणागत – तत्पुरुष समास	½+½
	-	(ख)	-	मधु की मक्खी/मधु का संग्रह करने वाली मक्खी – तत्पुरुष समास	½+½
	-	(ग)	-	द्वंद्व समास में पूर्व और उत्तर दोनों पद प्रधान, उदाहरण- सुख-दुख, दूध-दही आदि। (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य)	½+½
	-	(घ)	-	बहुव्रीहि समास- अन्य पद प्रधान/ कर्मधारय समास – पूर्व पद विशेषण (कोई एक उत्तर अपेक्षित)	½+½
	-	(ङ)	-	नीला है जो कंठ – कर्मधारय समास या नीला है कंठ जिसका (शिव) – बहुव्रीहि समास	½+½
	-	-	(क)	मेखालाकार- तत्पुरुष समास	½+½
	-	-	(ख)	क्रोध रूपी अग्नि- कर्मधारय समास	½+½
	-	-	(ग)	बहुव्रीहि समास - अन्य पद प्रधान/ कर्मधारय समास – पूर्व पद विशेषण (कोई एक उत्तर अपेक्षित)	½+½
	-	-	(घ)	श्वेत है जो अंबर- कर्मधारय समास या श्वेत हैं अंबर जिनके - बहुव्रीहि समास	½+½
	-	-	(ङ)	द्वंद्व समास में पूर्व और उत्तर दोनों पद प्रधान, उदाहरण- सुख-दुख, दूध-दही आदि। (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य)	½+½
6	**6**	**6**	**6**	**'मुहावरे'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	(1x4 =4)
	(क)	-	-	'मंत्र न लगना' मुहावरा, उपयुक्त वाक्य प्रयोग	½+½
	(ख)	-	-	फूटी आँख न सुहाना	1
	(ग)	-	-	उपयुक्त वाक्य प्रयोग	1
	(घ)	-	-	पाँव जमीन पर न पड़ना	1
	(ङ)	-	-	राई का पहाड़ बनाना/बात का बतंगड़ बनाना	1
	-	(क)	-	छोटा मुँह बड़ी बात – मुहावरा, उचित वाक्य प्रयोग	½+½
	-	(ख)	-	दीवार खड़ी करना/ राह में रोड़े अटकाना/ टाँग अड़ाना	1
	-	(ग)	-	उचित वाक्य प्रयोग	1
	-	(घ)	-	तूती बोलती (तूती बोलना) / धूम मचना	1
	-	(ङ)	-	राई का पहाड़ बनाना/बात का बतंगड़ बनाना	1
	-	-	(क)	प्राण सूखना, उचित वाक्य प्रयोग	½+½
	-	-	(ख)	गाँठ बाँध लेना	1
	-	-	(ग)	उचित वाक्य प्रयोग	1
	-	-	(घ)	राई का पहाड़ बनाना/बात का बतंगड़ बनाना	1
	-	-	(ङ)	खरी-खोटी सुनाना	1

				खंड – ग **(पाठ्य-पुस्तक)**	
7	**7** (i) (ii) (iii) (iv) (v)	7 (i) (ii) (iii) (iv) (v)	7 (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : (A) छोटे भाई को अभिमान के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए (B) संपूर्ण संसार पर अपना आधिपत्य स्थापित करना (B) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। (C) 1-II, 2-III, 3-I (C) I और II दोनों	1**x** 5 **= 5**
8	**8** (क) (ख) (ग)	8 - - -	8 - - -	**'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 25-30 शब्दों में) – ● संगठन में शक्ति ● अंग्रेज सरकार के नोटिस के बावजूद कलकत्तावासियों (स्त्री और पुरुष) द्वारा मोनुमेंट पर झंडा फहराना और स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ा जाना ● सुभाष बाबू के नेतृत्व में कलकत्तावासियों का एकजुट होना भौगोलिक स्थिति - ● अंदमान द्वीपसमूह में पोर्ट ब्लेयर से लगभग सौ किलोमीटर दूर स्थित लिटिल अंदमान द्वीप के बाद निकोबार द्वीपसमूह की शृंखला आरंभ ● लिटिल अंदमान द्वीप से 96 किलोमीटर दूर निकोबार द्वीपसमूह का पहला द्वीप कार –निकोबार परिवर्तन - ● लोककथा के अनुसार पहले दोनों द्वीप जुड़े हुए, ततॉंरा के क्रोध के कारण दो भागों में विभक्त ● लोकप्रिय फ़िल्मों के प्रतिष्ठित कलाकार होने के बावजूद शुद्ध देहाती गाड़ीवान हीरामन के चरित्र का प्रभावी अभिनय ● सिर्फ दिल की जुबान समझने वाले भोले गाड़ीवान के चरित्र में डूब जाना	(**2 x 3 = 6**) 2 1+1 2

	(घ)	-	-	रोने का कारण - ● घायल कुत्ते द्वारा गलती का बोध कराने पर नूह का पश्चाताप करना चरित्र की विशेषता - ● संवेदनशील, दया और करुणा की भावना से ओत-प्रोत	1+1
	-	(क)	-	● प्रशासन द्वारा क्रांतिकारियों के साथ किया गया व्यवहार निंदनीय, स्वतंत्रता की वर्षगाँठ मनाना अपराध नहीं ● स्वतंत्रता प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है और इसके लिए प्रदर्शन, विरोध उचित (अन्य उचित तर्क भी स्वीकार्य)	2
	-	(ख)	-	● समाज के लिए किया गया बलिदान व्यर्थ नहीं ● तताँरा-वामीरो के बलिदान से रूढ़िवादी परंपरा का अंत और नई परंपरा का आरंभ ● समाज द्वारा उनके बलिदान को सदैव याद किया जाना	2
	-	(ग)	-	● राजकपूर द्वारा फ़िल्म की संभावित असफलता के खतरों से आगाह किए जाने के बाद भी फ़िल्म बनाना ● शंकर जयकिशन के कहने पर भी गीत के बोल में परिवर्तन के लिए तैयार न होना ● आत्मसंतुष्टि के लिए फ़िल्म बनाना	2
	-	(घ)	-	नियंत्रण खोने का कारण - ● बड़े-बड़े बिल्डरों द्वारा समुद्र की जमीन का अतिक्रमण करना दुष्परिणाम - ● समुद्र द्वारा अपनी लहरों पर दौड़ने वाले जहाज़ों को तहस-नहस कर देना	2

	-	-	(क)	पाठ में वर्णित तरीके – ● घर-घर जाकर प्रचार करना और समझाना वर्तमान तरीके - ● विज्ञान और तकनीक के माध्यम से ● मुद्रित और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (सोशल मीडिया) के द्वारा	2
	-	-	(ख)	(विद्यार्थियों के व्यक्तिगत अनुभव पर आधारित मुक्त उत्तर)	2
	-	-	(ग)	● फ़िल्म में कविता जैसी संवेदना और भाव-प्रवणता ● पात्रों का अभिनय जीवंत एवं सहज ● फ़िल्म के गीत कविता की भाँति मार्मिक	2
	-	-	(घ)	(विद्यार्थियों के व्यक्तिगत अनुभव पर आधारित मुक्त उत्तर)	2
9	**9** (i) (ii) (iii) (iv) (v)	9 (i) (ii) (iii) (iv) (v)	9 (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**'पठित काव्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : (C) प्रकृति का रूप-सौंदर्य पल-पल नए रूप धारण कर रहा है (C) पुष्पों को (C) पारदर्शिता (C) अपना विशाल आकार (A) वर्षा ऋतु में पर्वतीय प्रदेश की अलौकिक सुषमा	1 **x** 5 = **5**
10	**10** (क) (ख)	10 - -	10 - -	**'काव्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 25-30 शब्दों में) – ● निंदक अपनी आलोचनाओं से हमें हमारी कमियों से अवगत कराता है। ● कमियों को दूर कर, स्वभाव को निर्मल करने का अवसर प्रदान करता है। ● श्रीकृष्ण के सामर्थ्य और पुरुषार्थ को जन-सामान्य तक पहुँचाना ● उनके भक्तवत्सल स्वरूप का उदाहरण देते हुए लोगों के साथ-साथ स्वयं की भी पीड़ा हरने का निवेदन करना	(2x3 =6) 2 2

	(ग)	-	-	प्रतीकात्मकता- ● तोप- सत्ता की निरंकुशता का प्रतीक ● चिड़िया - जनता का प्रतीक संदेश- ● अत्याचारी के आतंक का अंत निश्चित है इसलिए शक्ति का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।	1+1
	(घ)	-	-	● लक्ष्मण की भाँति रावण रूपी शत्रुओं के समक्ष वीरता एवं बलिदान की स्पष्ट लकीर खींचना	2
	-	(क)	-	● निंदको को अपने पास रखकर ● उनके द्वारा की जाने वाली आलोचना से स्वयं में सुधार	2
	-	(ख)	-	● श्रीकृष्ण का सान्निध्य प्राप्त करना ● दर्शन, सुमिरन और भक्ति का अवसर पाना	2
	-	(ग)	-	● ऐतिहासिक धरोहर के रूप में ● अतीत में हुई गलतियों को जानकर उन्हें न दोहराने की सीख	2
	-	(घ)	-	● राम की विनम्रता और सहनशीलता तथा लक्ष्मण की उग्रता, दोनों की वीरता, साहस, कर्त्तव्यनिष्ठा आदि विशेषताओं को अपनाकर रावण रूपी शत्रु से सीता रूपी भारत माता की रक्षा करना ● राम-लक्ष्मण की भाँति सीमित संसाधनों के साथ बलशाली शत्रु का सामना करना	2
	-	-	(क)	● समाज में परिवर्तन के लिए स्वयं में सुधार का उदाहरण प्रस्तुत करना ● स्वार्थ भाव से मुक्त लोग ही सामाजिक परिवर्तन में सहभागी	2
	-	-	(ख)	● श्रीकृष्ण का सान्निध्य प्राप्त करना ● दर्शन, सुमिरन और भक्ति का अवसर पाना	2

	-	-	(ग)	● समय के अंतराल से आतंक का प्रतीक तोप का भी प्रदर्शन की वस्तु, बच्चों एवं चिड़िया के मनोरंजन का साधन बनकर रह जाना ● कोई भी सत्ता, शक्ति कितनी भी ताकतवर क्यों न हो उसका अंत निश्चित	2
	-	-	(घ)	● 'सीता' के पवित्र दामन की तरह भारत की अखंडता एवं संप्रभुता को कोई चुनौती न दे सके	2
11	**11**	**11**	11	पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 – 50** शब्दों में अपेक्षित –	(3x2 =6)
	(क)	(क)	(क)	● हरिहर काका का जीवन भी मझधार में फँसी नाव में सवार लोगों की तरह असहाय और बेसहारा हो जाना ● नाव पर सवार लोगों की तरह जीवन की जद्दोजहद से हारकर मौन धारण कर लेना ● स्वयं को परिस्थितियों के भरोसे छोड़ देना	3
	(ख)	(ख)	(ख)	● तकनीक के प्रयोग से वर्तमान समय में प्रचार-प्रसार के तरीकों में भारी अंतर ● मुद्रित और इलैक्ट्रानिक्स माध्यमों का उपयोग ● सोशल मीडिया की मदद से भी प्रचार-प्रसार (अन्य उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य)	3
	(ग)	(ग)	(ग)	● उचित एवं तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य	3
				खंड – घ **(रचनात्मक लेखन)**	
12	**12**	**12**	**12**	किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन : ● विषय-वस्तु – 3 अंक ● भाषा – 1 अंक ● प्रस्तुति – 1 अंक	5 **x** 1 = **5**

13	13	14	13	किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन: ● आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक ● विषय-वस्तु – 3 अंक ● भाषा – 1 अंक	5 **x** 1 **= 5**
14	14	**15**	16	किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन: ● विषय-वस्तु – 2 अंक ● प्रस्तुति – 1 अंक ● भाषा – 1 अंक	4 **x** 1 **= 4**
15	15	13	14	किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन : ● विषय-वस्तु – 1 अंक ● प्रस्तुति – 1 अंक ● भाषा – 1 अंक	3 **x** 1 **= 3**
16	16	16	15	ई-मेल लेखन **अथवा** लघुकथा लेखन : ई-मेल लेखन (लगभग 80 शब्दों में) - ● औपचारिकताएँ – 1 अंक ● विषय-वस्तु – 2 अंक ● प्रस्तुति – 1 अंक ● भाषा – 1 अंक **अथवा** लघुकथा लेखन (लगभग 100 शब्दों में) – ● विषय-वस्तु – 3 अंक ● भाषा – 1 अंक ● प्रभाव – 1 अंक	5 **x** 1 **= 5**

Series D4BCA/4

SET-1

प्रश्न-पत्र कोड 4/4/1

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

हिन्दी (ब)
HINDI (B)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** ।*

*(iii) **खण्ड अ** में उपप्रश्नों सहित **45** वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv) **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

*(vi) यथासंभव **दोनों** खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

खण्ड अ

(बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

आज के दौर में जिसे देखो, वही दुखी, परेशान, हताश और उदास नजर आता है । तमाम तरह की चिंताओं ने लोगों को घेर रखा है । कोई अपनी सेहत को लेकर परेशान रहता है, तो कोई काम-धंधे की मंदी या वेतन में कटौती से दुखी है । किसी को भविष्य की चिंता सता रही है तो कोई अपने मान-सम्मान के बारे में सोच कर मायूस महसूस कर रहा है । जाहिर है, ऐसे में हर कोई खुशी के पीछे भाग रहा है । कई लोग सोचते हैं कि अमीर उद्योगपति या मोटा वेतन पाने वाले पेशेवर लोग खुश रहते हैं और ग़रीबी या आर्थिक विपन्नता ही खुशी से वंचित रहने की एकमात्र वजह है । लेकिन अगर धन से खुशी आती तो दुनिया में कई धनी लोग कुंठा और हताशा में जीवन नहीं जीते । खुशी पैसा नहीं, संतुष्टि का भाव है । यह पैसे से नहीं, हमारे प्रयासों से आती है और सबसे बड़ी बात है कि खुशी के पीछे भागने से खुशी नहीं मिलती । खुशी हमारे बिल्कुल आसपास होती है, जिसे हमें पहचानना और ग्रहण करना होता है ।

ज्यादातर लोग खुशी हमेशा बाहर खोजते हैं, जबकि यह उसी परिवार में उपलब्ध होती है, जिसका हम अहम हिस्सा होते हैं । मुश्किल यह है कि आजकल परिवार की परिभाषा सिकुड़ गई है । हम सिर्फ पति-पत्नी और अपने बच्चों को ही परिवार मानने लगे हैं जबकि भाई-बहन, देवर-देवरानी, जेठ-जेठानी, सास-ससुर, चाचा-मामा आदि सभी इस परिवार के सदस्य होते हैं । जब हम अपने परिवार के सदस्यों की खुशी में सच्चे मन से सम्मिलित होने लगते हैं और उनकी खुशी के लिए सक्रिय रहते हैं, तो खुशी स्वयं हमारे पास आती है । जब हम इस मानसिकता से व्यवहार करते हैं, तो परिवार के दूसरे सदस्य भी हमारे लिए ऐसा ही करते हैं । फिर खुशी न मिलने का कोई कारण नहीं हो सकता । इसलिए हम भले ही एक चारदीवारी में न रह कर अलग रहते हों, अलग खाना बनाते हैं, लेकिन मन से हम अपने संपूर्ण परिवार से जुड़े रह सकते हैं ।

(i) आजकल लोगों की चिंता के कारण हैं :

(A) अस्वस्थ होना, वेतन कटौती, व्यावसायिक मंदी

(B) आर्थिक मंदी, अस्वस्थ होना, हताशा

(C) उदासी, वेतन कटौती, व्यावसायिक मंदी

(D) निराशा, आर्थिक मंदी, अस्वस्थ होना

(ii) खुश रहने के लिए आवश्यक है :

(A) आर्थिक संपन्नता

(B) प्रतिष्ठित होना

(C) उद्योगपति होना

(D) संतोषी होना

(iii) प्रत्येक व्यक्ति खुशी के पीछे क्यों भाग रहा है ?

(A) आर्थिक विपन्नता के कारण

(B) विभिन्न चिंताओं से घिरे होने के कारण

(C) 'खुशी' से स्वस्थ रह पाएँगे, ऐसी सोच के कारण

(D) 'खुशी' से पैसा आएगा, ऐसी सोच के कारण

(iv) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन : हमें अपने परिवार की खुशियों में सच्चे मन से और सक्रियता से उपस्थित रहना चाहिए ।

कारण : यही प्रसन्न रहने का एकमात्र साधन है ।

विकल्प :

(A) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं ।

(B) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(D) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा/से वाक्य गद्यांश से मेल खाते हैं ?

I. संपूर्ण परिवार से जुड़कर खुशी पाई जा सकती है ।

II. दादा-दादी, चाचा-चाची, बुआ आदि को मिलाकर परिवार मानना चाहिए ।

III. दुनिया में सभी धनी कुंठाग्रस्त और हताश नहीं हैं ।

IV. तथाकथित खुशी को धन से नहीं खरीदा जा सकता ।

विकल्प :

(A) केवल I

(B) II और III

(C) केवल IV

(D) I, II, IV

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

अठारह साल के युवा ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञाननंदा इन दिनों छाए हुए हैं । पाँच बार विश्व चैंपियन रहे मैग्नस कार्लसन के साथ शतरंज वर्ल्ड कप का अंतिम मुकाबला भले ही वह नहीं जीत पाए । पर, कम उम्र में ही सफलता और उम्मीदों का भारी ताज वह पहन चुके हैं । उनकी सादगी, शालीनता पसंद की जा रही है । अच्छी बात है कि वे हार-जीत दोनों में सहज दिखते हैं । बीते साल एक ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट में कार्लसन को हराने के बाद प्रज्ञान ने कमाल बात कही । उन्होंने कहा, 'यह केवल एक जीत है, कोई अंतिम नहीं । आगे कई चुनौतियाँ हैं । बहुत कुछ करना है । यही हार के साथ होता है । किसी एक हार से सब खत्म नहीं हो जाता ।'

अब सवाल यह है क्या अपनी सफलता की खुशी मनाना ग़लत है ? माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स कहते हैं, 'सफलता की खुशी मनाने में हर्ज नहीं है । पर ज्यादा जरूरी है कि हम असफलताओं के सबक पर भी ध्यान देते रहें ।'

सफलता के साथ बहुत कुछ बदलता है । कभी हम बदल जाते हैं तो कभी दूसरे । कितनी ही बार तो हमें अपने से आगे दिखना ही बंद हो जाता है । इस कारण कभी हम अतिआत्मविश्वास के शिकार होकर जरूरी मेहनत नहीं करते, तो कभी दूसरों से हमारे रिश्ते खराब हो जाते हैं । ऐसे में सबसे पहले अपने घमंड और आक्रामक होने की इच्छा को काबू करना जरूरी हो जाता है ।

कितनी ही प्रतिभाएँ एक-दो बड़ी जीत की चमक-धमक में ही अटक कर रह जाती हैं । या समझ नहीं आता कि आगे क्या ? ऐसे में सहजता ही हमारी उपलब्धियों के कद को बढ़ाती है । हम विनम्र रहें, सफलता की चाह हो और मेहनत करने में आगे रहें । ध्यान प्रक्रिया पर हो । हम नतीजा भले ही हार जाएँ, पर हमारा उत्साह हमेशा बना रहे ।

(i) प्रज्ञाननंदा की प्रसिद्धि का कारण है :

(A) कम उम्र में शतरंज के क्षेत्र में नाम कमाना

(B) उनकी सादगी, सरलता और शालीनता

(C) हार-जीत को समान भाव से स्वीकारना

(D) जीवन को चुनौती के रूप में स्वीकारना

(ii) 'किसी एक हार से सब खत्म नहीं हो जाता' — पंक्ति का आशय है :

(A) जीत-हार जीवन के दिन और रात हैं ।

(B) असफल होने से जीवन समाप्त नहीं होता ।

(C) हार के बाद जीत अवश्य आती है ।

(D) लक्ष्य प्राप्ति के लिए संघर्ष करना चाहिए ।

(iii) बिल गेट्स के अनुसार सफलता की खुशी मनाने से अधिक आवश्यक है :

(A) असफलताओं की चुनौतियों को स्वीकारना

(B) असफलताओं के कारणों पर ध्यान देना

(C) नए लक्ष्य के लिए संघर्ष करना

(D) असफलताओं से शिक्षा ग्रहण करना

(iv) सफलता प्राप्ति के बाद किसे अपने नियंत्रण में रखना आवश्यक है ?

(A) दूसरों के प्रति अपने व्यवहार को

(B) अहंकार और आक्रोश की इच्छा को

(C) आत्मविश्वास और जीत की खुशी को

(D) अपने प्रति दूसरों के व्यवहार को

(v) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

कथन : सफलता के मद में हमें अपने से आगे दिखना ही बंद हो जाता है ।

कारण : हम अति आत्मविश्वास के शिकार होकर जरूरी मेहनत नहीं करते ।

(A) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं ।

(B) कथन ग़लत है लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन सही है लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) "जिसकी छत पर दफ़्ती की दीवारोंवाली और तातामी की ज़मीनवाली एक सुंदर पर्णकुटी थी ।" — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) विशेषण पदबंध

(ii) 'वे प्याले हमारे सामने रख दिए गए ।' — में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) क्रिया-विशेषण पदबंध

(C) विशेषण पदबंध

(D) क्रिया पदबंध

(iii) "उसकी कल्पना में वह एक अद्‌भुत साहसी, सुंदर और बलिष्ठ युवक था ।" — वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध

(D) क्रिया-विशेषण पदबंध

(iv) निम्नलिखित में क्रिया-विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए :

(A) वह तेज़ कदमों से चलती हुई वहाँ पहुँची ।

(B) वह तेज़ कदमों से चलती हुई वहाँ पहुँची ।

(C) वह तेज़ कदमों से चलती हुई वहाँ पहुँची ।

(D) वह तेज़ कदमों से चलती हुई वहाँ पहुँची ।

(v) "वामीरो भीतर-ही-भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी थी ।" — में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) क्रिया-विशेषण पदबंध

(B) संज्ञा पदबंध

(C) विशेषण पदबंध

(D) क्रिया पदबंध

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) निकोबारियों का विश्वास है कि प्राचीन काल में ये दोनों द्वीप एक ही थे ।

(B) प्रेम सबको जोड़ता है और घृणा दूरी बढ़ाती है ।

(C) युगल के बलिदान की कथा यहाँ बयान की गई है ।

(D) समाज उसे न केवल याद रखता है बल्कि उसके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देता ।

(ii) "जो सभ्यता जितनी पुरानी है, उसके बारे में उतने ही ज़्यादा किस्से-कहानियाँ भी सुनने को मिलते हैं ।" — रचना के आधार पर यह वाक्य-भेद है :

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) सामान्य वाक्य

(D) संयुक्त वाक्य

(iii) "मैं तुमसे परिचय पूछ रही हूँ और तुम बस एक ही राग अलाप रहे हो ।" — रचना के आधार पर वाक्य-भेद है :

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) सामान्य वाक्य

(iv) निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) यह संबंध परंपरा के विरुद्ध था अतएव उसने भूल जाना ही श्रेयस्कर समझा ।

(B) तताँरा बार-बार उसकी आँखों के सामने था ।

(C) दोनों को समझाने के कई प्रयास हुए किंतु दोनों अडिग रहे ।

(D) आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी ।

(v) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

	स्तंभ-I		*स्तंभ-II*
1.	वह बीच-बीच में दृष्टि इधर-उधर दौड़ाती ।	(I)	मिश्र वाक्य
2.	उन्होंने ऐसी फ़िल्म बनाई थी जिसे सच्चा कवि-हृदय ही बना सकता था ।	(II)	संयुक्त वाक्य
3.	'तीसरी कसम' फ़िल्म नहीं थी बल्कि सैल्यूलाइड पर लिखी कविता थी ।	(III)	सरल वाक्य

विकल्प :

(A) 1-(III), 2-(I), 3-(II)

(B) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(C) 1-(III), 2-(II), 3-(I)

(D) 1-(II), 2-(III), 3-(I)

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'स्वर्णपदक' समस्त-पद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(A) द्विगु समास

(B) तत्पुरुष समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) अव्ययीभाव समास

(ii) 'आजीवन' समस्त-पद का समास-भेद होगा :

(A) तत्पुरुष समास

(B) कर्मधारय समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) अव्ययीभाव समास

(iii) 'भलामानस' समस्त-पद का विग्रह होगा :

(A) भलाई का मानस

(B) भला और मानस

(C) भला है जो मानस

(D) भलाई के लिए मानस

(iv) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए और सही जोड़े को चुनिए :

(A) घोरतपस्या – बहुव्रीहि समास

(B) सिनेमाघर – कर्मधारय समास

(C) पंजाब – द्विगु समास

(D) क्रोधाग्नि – अव्ययीभाव समास

(v) निम्नलिखित में 'त्रिलोचन' समस्त-पद का सही युग्म है :

(A) तीन लोचन का समूह – कर्मधारय समास

(B) तीन हैं जो लोचन – तत्पुरुष समास

(C) तीन हैं लोचन जिसके – द्विगु समास

(D) तीन हैं लोचन जिसके – बहुव्रीहि समास

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए :

(A) नतमस्तक होना – सिर उठाना

(B) दौड़-धूप करना – धूप में दौड़ना

(C) नज़र रखना – ध्यान रखना

(D) पन्ने रंगना – कागज़ों पर रंग बिखेरना

(ii) 'युद्ध के लिए तैयार होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है :

(A) डींग मारना

(B) तिल का ताड़ बनाना

(C) तू-तू मैं-मैं होना

(D) तलवार खींचना

(iii) 'असंभव कार्य कर दिखाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) तारे तोड़ लाना

(B) तूती बोलना

(C) त्योरियाँ चढ़ाना

(D) तिल का ताड़ बनाना

(iv) 'हमारी सेना ने दुश्मन को बुरी तरह हरा दिया ।' वाक्य में रेखांकित अंश के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) नमक-मिर्च लगाना

(B) छक्के छुड़ाना

(C) खून खौलना

(D) खून जलाना

(v) "मेरी बहन साँप-सीढ़ी के खेल में हार रही थी, अत: उसने गोटियाँ मिलाकर पूरा खेल ही _____ दिया ।" वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) घाव हरा होना

(B) गागर में सागर भरना

(C) आँखों में धूल झोंकना

(D) गुड़ गोबर कर देना

(vi) 'प्रतिष्ठा बढ़ाना' अर्थ के लिए मुहावरा होगा :

(A) शेर के दाँत गिनना

(B) सिर पर कफ़न बाँधना

(C) चार चाँद लगाना

(D) हवाई किले बनाना

7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी ।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए ।
वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

(i) कवि ने ऐसा क्यों कहा कि मृत्यु से नहीं डरना चाहिए ?

(A) मृत्यु से यश प्राप्त होता है

(B) जन्म-मरण ईश्वर के हाथ में है

(C) मृत्यु के बाद नया शरीर मिलता है

(D) मृत्यु तो अवश्यंभावी है

(ii) कवि कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहता है ?

(A) बिना किसी पीड़ा के हुई मृत्यु

(B) अपनों के हित प्राप्त होने वाली मृत्यु

(C) महान उद्देश्य के लिए मरने वाले की मृत्यु

(D) स्वार्थ सिद्ध करते समय हुई मृत्यु

(iii) कैसी मृत्यु व्यर्थ है ?

(A) देश हित प्राप्त होने वाली मृत्यु

(B) जिस मृत्यु को याद न किया जाए

(C) दूसरों के लिए संघर्ष करते हुए प्राप्त मृत्यु

(D) मृत्यु के बाद जो हमेशा याद रहे

(iv) पशु प्रवृत्ति क्या है ?

(A) अपने लिए जीना-खाना

(B) दूसरों के लिए जीना-खाना

(C) परोपकार का भाव रखना

(D) दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुँचाना

(v) कौन-सा/से वाक्य पद्यांश से मेल खाता है/खाते हैं ?

I. उदार मनुष्य दूसरों के लिए जीता-मरता है ।

II. पशु प्रवृत्ति को समझ के साथ अपनाना चाहिए ।

III. मनुष्य जीवन की सार्थकता परोपकार में है ।

IV. जीवन में कुछ पाने के लिए स्वार्थी होना पड़ता है ।

विकल्प :

(A) केवल I

(B) II, IV

(C) I, III

(D) II, III

8. पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) कबीर के अनुसार मीठी बोली का क्या प्रभाव होता है ?

I. हमारा शरीर शीतल होता है ।

II. बोली में अहं का भाव आता है ।

III. हमारा काम सरलतापूर्वक हो जाता है ।

IV. सुनने वाले को सुखानुभूति होती है ।

विकल्प :

(A) I, II

(B) II, III

(C) III, IV

(D) I, IV

(ii) "जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल" — इन पंक्तियों में कवि ने ताल को किस रूप में चित्रित किया है ?

(A) पर्वत की परछाई के रूप में

(B) विशाल जल-स्रोत के रूप में

(C) विशाल दर्पण के रूप में

(D) छत्रछाया में पलने वाले के रूप में

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनकर लिखिए : *5×1=5*

सालाना इम्तिहान हुआ । भाई साहब फ़ेल हो गए, मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया । मेरे और उनके बीच में केवल दो साल का अंतर रह गया । जी में आया, भाई साहब को आड़े हाथों लूँ – 'आपकी वह घोर तपस्या कहाँ गई ? मुझे देखिए, मज़े से खेलता भी रहा और दरजे में अव्वल भी हूँ ।' लेकिन वह इतने दुखी और उदास थे कि मुझे उनसे दिली हमदर्दी हुई और उनके घाव पर नमक छिड़कने का विचार ही लज्जास्पद जान पड़ा । हाँ, अब मुझे अपने ऊपर कुछ अभिमान हुआ और आत्मसम्मान भी बढ़ा । भाई साहब का वह रौब मुझ पर न रहा । आज़ादी से खेलकूद में शरीक होने लगा । दिल मज़बूत था । अगर उन्होंने फिर मेरी फ़जीहत की, तो साफ़ कह दूँगा – 'आपने अपना खून जलाकर कौन-सा तीर मार लिया । मैं तो खेलते-कूदते दरजे में अव्वल आ गया ।' ज़बान से यह हेकड़ी जताने का साहस न होने पर भी मेरे रंग-ढंग से साफ़ ज़ाहिर होता था कि भाई साहब का वह आतंक मुझ पर नहीं था । भाई साहब ने इसे भाँप लिया – उनकी सहज बुद्धि बड़ी तीव्र थी और एक दिन जब मैं भोर का सारा समय गुल्ली-डंडे की भेंट करके ठीक भोजन के समय लौटा, तो भाई साहब ने मानो तलवार खींच ली ।

(i) कक्षा में प्रथम आने पर छोटे भाई के व्यवहार में बड़े भाई साहब के प्रति झलकने लगा :

(A) प्रसन्नता

(B) अहंकार

(C) स्वाभिमान

(D) गर्व

(ii) छोटा भाई बड़े भाई साहब को आड़े हाथों लेना चाहता था परंतु ऐसा कर नहीं पाया, क्यों ?

(A) उनकी डाँट-डपट का डर था

(B) उसकी हिम्मत नहीं पड़ी

(C) लोक-लाज का डर था

(D) उनसे हमदर्दी हो आई

(iii) छोटे भाई के अव्वल आने पर भाई साहब के व्यवहार में क्या अंतर आया ?

(A) वे और अधिक ध्यानपूर्वक पढ़ने लगे

(B) उनके रौब में थोड़ी नरमी आ गई

(C) वे भी खेल-कूद में भाग लेने लगे

(D) अपनी पीड़ा भूलकर बेहद प्रसन्न हो गए

(iv) निम्नलिखित कथन तथा कारण को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन : भाई साहब गुस्सा हो गए और उन्होंने तलवार खींच ली ।

कारण : छोटा भाई सुबह से शाम तक गुल्ली-डंडा खेलकर लौटा था ।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं

(B) कथन सही है लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है

(C) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है

(v) कौन-सा/से वाक्य गद्यांश से मेल खाते हैं ?

I. वार्षिक परीक्षा में हर बार की तरह छोटा भाई भी अच्छे अंकों से पास हो गया ।

II. भाई साहब दुखी और उदास हो गए थे ।

III. छोटे भाई ने अपने हाव-भाव से दर्शा दिया कि उन दोनों में कोई बराबरी नहीं है ।

IV. अब बड़े भाई साहब ने छोटे भाई को कुछ भी कहना पूरी तरह से छोड़ दिया था ।

विकल्प :

(A) I, II

(B) केवल III

(C) II, III

(D) III, IV

10. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) कौन-सा/से वाक्य 'कारतूस' एकांकी से मेल खाते हैं ?

I. वज़ीर अली की आज़ादी बहुत ख़तरनाक है ।

II. वकील ने वज़ीर अली की बात ध्यानपूर्वक सुनी और सहायता का पूरा आश्वासन दिया ।

III. इसका मतलब कंपनी के खिलाफ़ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई है ।

IV. लेफ़्टीनेंट के अनुसार वज़ीर अली को पकड़ना बहुत सरल है ।

विकल्प :

(A) केवल II

(B) I, III

(C) I, II, IV

(D) III, IV

(ii) 'तताँरा-वामीरो कथा' में तताँरा की कौन-सी विशेषताएँ उभरकर आती हैं ?

(A) मिलनसार, संवेदनशील, चालाक

(B) संवेदनशील, साहसी, निर्दयी

(C) नेक, साहसी, मददगार

(D) साहसी, मददगार, निष्ठुर

खण्ड ब

(वर्णनात्मक प्रश्न)

11. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ में 26 जनवरी 1931 को अमर-दिन क्यों कहा गया है और उसके लिए क्या तैयारियाँ की गईं ?

(ख) फिल्मकार शैलेंद्र के बारे में लेखक ने क्या कहा है ? उन कथनों से आपके मन में शैलेंद्र की कौन-सी छवि उभरती है ?

(ग) 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के लेखक की माँ की तरह आपकी माँ भी आपको कुछ हिदायतें देती होंगी, उन्हें अपने शब्दों में लिखिए और बताइए कि आप पर क्या प्रभाव पड़ा ।

12. पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) श्रीकृष्ण के दर्शनों के लिए मीरा कौन-कौन से कार्य करने को तत्पर है ? इनसे श्रीकृष्ण के प्रति मीरा के किस भाव का पता चलता है ?

(ख) कैफ़ी आज़मी का यह गीत — 'कर चले हम फ़िदा ...' किनके बारे में लिखा गया है ? इस गीत में उनकी किन विशेषताओं का वर्णन किया गया है ?

(ग) 'आत्मत्राण' कविता की कौन-सी दो बातें आपको बहुत प्रेरित करती हैं और क्यों ? अपने शब्दों में लिखिए ।

13. पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) "लेखक का हरिहर काका से घनिष्ठ जुड़ाव है ।" — पाठ में आए इस कथन को तर्क सहित स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में लेखक को बचपन में प्रकृति कैसी प्रतीत होती थी ? उस समय लेखक फूलों के साथ कैसा व्यवहार करता था ?

(ग) 'टोपी शुक्ला का दोस्त इफ्फन था लेकिन उसकी घनिष्ठ दोस्ती इफ्फन की दादी से भी थी ।' इस कथन को 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

14. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) सड़कों को कचरे से बचाओ

संकेत-बिंदु

- हर कोई फेंक रहा कचरा
- सोच बदलने की जरूरत
- स्वच्छता के लिए जागरूकता अपेक्षित

(ख) मेरी रेगिस्तान-यात्रा

संकेत-बिंदु

- धूल ही धूल
- रात की शीतलता और सौंदर्य
- तापमान एवं लोक-संस्कृति

(ग) आज़ादी का अमृत महोत्सव

संकेत-बिंदु

- आज़ादी के 75 वर्ष
- हर घर तिरंगा क्यों ?
- विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

15. (क) आप साहिल/सारा हैं । नगर-निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर अपने मोहल्ले के पार्क की दुर्व्यवस्था को सुधारने का निवेदन कीजिए । पार्क में बिजली और स्वच्छता का अभाव है, जिसके कारण वह असामाजिक तत्त्वों का अड्डा बन गया है । *5*

अथवा

(ख) आप सुरभि/सौरभ हैं । आप बैंगलुरु घूमने जाने वाले हैं । किसी होटल के प्रबंधक को, ठहरने तथा घूमने की व्यवस्था का व्यय आदि जानने के लिए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

16. (क) विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव के रूप में आप 'अंतर्विद्यालयीय कहानी प्रतियोगिता' की जानकारी देते हुए छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहन हेतु लगभग 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*

अथवा

(ख) छुट्टी के बाद स्कूल की बस से घर जाते हुए आपका एक बैग बस में ही छूट गया । बस का रूट नं. और अपने बैग का विवरण देते हुए विद्यालय के सूचना पट्ट पर लगाने के लिए एक सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए । *4*

17. (क) स्कूल बैग बनाने वाली कंपनी विद्यार्थियों के लिए विशेष बैग बाज़ार में लाना चाहती है, उसके लिए आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । *3*

अथवा

(ख) लाल बाग में पुष्प-प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है । उसके प्रचार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । *3*

18. (क) "अभी धूप चमक रही थी कि अचानक आकाश में काले बादलों का साम्राज्य छा गया और तभी तेज़ ओलों की बौछार ने सड़क पर धमा-चौकड़ी मचा दी ..." इस कथा को लगभग 100 शब्दों में आगे बढ़ाकर लिखिए । *5*

अथवा

(ख) नगर-निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए जिसमें खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह किया गया हो । *5*

अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु

सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2023-24

अंक-योजना

हिंदी 'ब' विषय कोड—085

प्रश्न-पत्र कोड– 4/4/1, 4/4/2, 4/4/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आंकड़ों और शब्दों में लिखे।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

अंक योजना

हिंदी 'ब'(085)

प्रश्न सं.	4/4/1	4/4/2	4/4/3	मूल्यांकन बिंदु	अंक
				खंड - 'अ' **(बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर)**	
1	**1**	**2**	**1**	**अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न :	**5 x 1 = 5**
	(i)	(i)	(v)	(A) अस्वस्थ होना, वेतन कटौती, व्यावसायिक मंदी	
	(ii)	(ii)	(iv)	(D) संतोषी होना	
	(iii)	(iii)	(iii)	(B) विभिन्न चिंताओं से घिरे होने के कारण	
	(iv)	(iv)	(ii)	(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।	
	(v)	(v)	(i)	(D) I, II, IV	
2	**2**	**1**	**2**	**अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न :	**5 x 1 = 5**
	(i)	(i)	(v)	(A) कम उम्र में शतरंज के क्षेत्र में नाम कमाना	
	(ii)	(ii)	(iv)	(B) असफल होने से जीवन समाप्त नहीं होता।	
	(iii)	(iii)	(iii)	(D) असफलताओं से शिक्षा ग्रहण करना	
	(iv)	(iv)	(ii)	(B) अहंकार और आक्रोश की इच्छा को	
	(v)	(v)	(i)	(C) कथन सही है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है। नोट- दिए गए कथन का कारण, कथन का परिणाम है अतः विकल्प (D) सही नहीं है।	
3	**3**	**3**	**3**	**'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**4 x 1 = 4**
	(i)	-	-	(A) संज्ञा पदबंध	
	(ii)	-	-	(D) क्रिया पदबंध	
	(iii)	-	-	(C) विशेषण पदबंध	
	(iv)	-	-	(A) वह तेज़ क़दमों से चलती हुई वहाँ पहुँची।	
	(v)	-	-	(D) क्रिया पदबंध	
	-	(i)	-	(B) सर्वनाम पदबंध	
	-	(ii)	-	(C) क्रिया पदबंध	
	-	(iii)	-	(C) विशेषण पदबंध	
	-	(iv)	-	(D) दोनों कबूतर अब रात-भर ख़ामोश और उदास बैठे रहते हैं।	

	-	(v)	-	(C)	क्रिया पदबंध	
	-	-	(i)	(A)	संज्ञा पदबंध	
	-	-	(ii)	(C)	विशेषण पदबंध	
	-	-	(iii)	(D)	क्रिया पदबंध	
	-	-	(iv)	(D)	विशेषण पदबंध	
	-	-	(v)	(A)	मेरा गाँव आरा से चालीस किलोमीटर की दूरी पर है।	
4	**4**	**4**	**4**		**'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**4 x 1 = 4**
	(i)	-	-	(C)	युगल के बलिदान की कथा यहाँ बयान की गई है।	
	(ii)	-	-	(B)	मिश्र वाक्य	
	(iii)	-	-	(C)	संयुक्त वाक्य	
	(iv)	-	-	(D)	आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी।	
	(v)	-	-	(A)	1 – (III), 2 – (I), 3 – (II)	
	-	(i)	-	(D)	सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो।	
	-	(ii)	-	(C)	मिश्र वाक्य	
	-	(iii)	-	(B)	संयुक्त वाक्य	
	-	(iv)	-	(D)	कहा गया है कि वह केवल मानव जाति के ही नहीं सभी पशु-पक्षियों के भी हाकिम थे।	
	-	(v)	-	(B)	1 – (III), 2 – (I), 3 – (II)	
	-	-	(i)	(D)	काका की ज़िंदगी से मैं बहुत गहरे से जुड़ा हूँ।	
	-	-	(ii)	(B)	मिश्र वाक्य	
	-	-	(iii)	(C)	संयुक्त वाक्य	
	-	-	(iv)	(B)	गाँव के पूरब में ठाकुरजी का जो विशाल मंदिर है उसे गाँव के लोग ठाकुरबारी कहते हैं।	
	-	-	(v)	(D)	1 – (III), 2 – (I), 3 – (II)	

5	**5**	**6**	**5**	**'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**4 x 1 = 4**
	(i)	(i)	(v)	(B) तत्पुरुष समास	
	(ii)	(ii)	(iv)	(D) अव्ययीभाव समास	
	(iii)	(iii)	(iii)	(C) भला है जो मानस	
	(iv)	(iv)	(ii)	(C) पंजाब - द्विगु समास	
	(v)	(v)	(i)	(D) तीन हैं लोचन जिसके – बहुव्रीहि समास	
6	**6**	**5**	**6**	**'मुहावरे'** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**4 x 1 = 4**
	(i)	(i)	(vi)	(C) नज़र रखना - ध्यान रखना	
	(ii)	(ii)	(v)	(D) तलवार खींचना	
	(iii)	(iii)	(iv)	(A) तारे तोड़ लाना	
	(iv)	(iv)	(iii)	(B) छक्के छुड़ाना	
	(v)	(v)	(ii)	(D) गुड़ गोबर कर देना	
	(vi)	(vi)	(i)	(C) चार चाँद लगाना	
7	**7**	**10**	**8**	**'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :	**5 x 1 = 5**
	(i)	(i)	(i)	(D) मृत्यु तो अवश्यंभावी है	
	(ii)	(ii)	(ii)	(C) महान उद्देश्य के लिए मरने वाले की मृत्यु	
	(iii)	(iii)	(iii)	(B) जिस मृत्यु को याद न किया जाए	
	(iv)	(iv)	(iv)	(A) अपने लिए जीना-खाना	
	(v)	(v)	(v)	(C) I, III	
8	**8**	**9**	**7**	**'काव्य खंड'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :	**2 x 1 = 2**
	(i)	(i)	(i)	(D) I, IV	
	(ii)	(ii)	(ii)	(C) विशाल दर्पण के रूप में	
9	**9**	**8**	**10**	**'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :	**5 x 1 = 5**
	(i)	(i)	(i)	(B) अहंकार	
	(ii)	(ii)	(ii)	(D) उनसे हमदर्दी हो आई	
	(iii)	(iii)	(iii)	(B) उनके रौब में थोड़ी नरमी आ गई	
	(iv)	(iv)	(iv)	(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।	

	(v)	(v)	(v)	(C) II, III	
10	**10** (i) (ii)	**7** (i) (ii)	**9** (i) (ii)	**'गद्य खंड'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : (B) I, III (C) नेक, साहसी, मददगार	**2 x 1 = 2**
				खंड - 'ब' **(वर्णनात्मक प्रश्न)**	
11	**11**	**13**	**13**	**'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –	**2 x 3 = 6**
	(क)	-	-	<u>अमर दिन क्यों-</u> • अंग्रेज़ सरकार के आदेश के विरुद्ध आम जनता द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पुनरावृत्ति हेतु सभा का आयोजन • सभा में बड़ी संख्या में आम जनता की भागीदारी • स्त्रियों की विशिष्ट भूमिका <u>तैयारियाँ-</u> • प्रचार में दो हज़ार रुपये खर्च किये गए • घर-घर जाकर कार्यकर्ताओं को समझाया गया • सार्वजानिक स्थलों. मकानों, बाज़ारों, घरों को सजाया गया और झंडे लगाए गए	**1+2= 3**
	(ख)	-	-	<u>लेखक के विचार-</u> • आदर्शवादी भावुक और संवेदनशील कवि • यश, धन-लिप्सा, मोह-माया, फिल्मी चकाचौंध से दूर • उनके जीवन और गीतों में करूणा, सरलता प्रतिबिंबित • संघर्षपूर्ण जीवन <u>छवि-</u> (विद्यार्थी की संदर्भगत समझ और अभिव्यक्ति के आधार पर मुक्त उत्तर स्वीकार्य)	**2+1= 3**
	(ग)	-	-	विद्यार्थी की संदर्भगत समझ और अभिव्यक्ति के आधार पर उपयुक्त मुक्त उत्तर स्वीकार्य	**3**

	-	**(क)**	-	• प्रकृति का अत्यधिक दोहन करने से प्राकृतिक आपदाओं (सूखा, बाढ़, अकाल, भूकंप, सुनामी, आँधी-तूफान आदि) का आना • समुद्र द्वारा तीन जहाजों को गेंद की तरह उछाल देना, मुंबईवासियों में भय (विद्यार्थी द्वारा समसामयिक उदाहरण भी स्वीकार्य)	**3**
	-	**(ख)**	-	किसके लिए- • गांधी जी के लिए क्यों- • सोना आदर्श का और ताँबा व्यावहारिकता का प्रतीक • व्यावहारिकता को आदर्श तक लाने का प्रयास • सोने में ताँबा नहीं बल्कि ताँबे में सोना मिलाकर उसकी कीमत बढ़ाना • गांधीजी का आदर्शवादी व्यवहार	**1+2=3**
	-	**(ग)**	-	विशेषताएँ- • आत्मसंतुष्टि के लिए कार्य • बुद्धि से अधिक भावनाओं को महत्त्व देना • अपने आदर्श/मूल्यों से कभी समझौता न करना क्यों- (विद्यार्थी की संदर्भगत समझ और अभिव्यक्ति के आधार पर उपयुक्त मुक्त उत्तर स्वीकार्य)	**3**
	-	-	**(क)**	क्या- • प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट क्यों- • सोना आदर्श का और ताँबा व्यावहारिकता का प्रतीक • व्यावहारिकता को आदर्श तक लाने का प्रयास • सोने में ताँबा नहीं बल्कि ताँबे में सोना मिलाकर उसकी कीमत बढ़ाना • गांधीजी का आदर्शवादी व्यवहार	**1+2=3**

	-	-	**(ख)**	किसे कहा गया – • मानव जाति को क्यों – • स्वार्थ के कारण प्राकृतिक संसाधनों पर कब्ज़ा • विविध जीव-जंतुओं और पक्षियों के आश्रय को छीन लेना • बढ़ती आबादी के कारण प्राकृतिक असंतुलन	**1+2= 3**
	-	-	**(ग)**	• मोनुमेंट को प्रात: छह बजे से ही पुलिस ने घेर लिया • कई स्थानों पर भोर में ही झंडा फहरा दिया गया • श्रद्धानंद पार्क में बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तो पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया • लोगों से मार-पीट की या हटा दिया गया • तारा सुंदरी पार्क में कांग्रेस कमेटी के युद्ध मंत्री हरिश्चन्द्र सिंह झंडा फहराने गए तो वे भी भीतर न जा सके • गुजराती सेविका संघ के जुलूस में आई लड़कियों को गिरफ़्तार कर लिया गया	**3**
12	**12**	**12**	**12**	'काव्य खंड' पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –	**2 x 3 = 6**
	(क)	**(क)**	**(ग)**	कार्य- • श्रीकृष्ण की चाकरी, बाग लगाना, ऊँचा महल बनाना • वृंदावन की गली-गली में गोविंद लीला का गान • आधी रात को यमुना तट पर कुसुम्बी साड़ी पहनकर श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए आना भाव- • श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य और एकनिष्ठ प्रेम • आराध्य से मनुहार, लाड़ • माधुर्य भाव	**2+1= 3**
	(ख)	**(ख)**	**(ख)**	किनके बारे में -	**1+2= 3**

	(ग)	(ग)	(क)	• भारतीय सैनिकों के बारे में विशेषताएँ - • अत्यंत कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा करना • त्याग और बलिदान की भावना • देश का सम्मान सर्वोपरि • देश के नागरिकों को उनके कर्तव्यबोध की याद दिलाते हुए देश की रक्षा के लिए प्रेरित करना • साहस और पुरुषार्थ की भावना • आत्मभय से मुक्ति • ईश्वर पर दृढ़ विश्वास • विपत्तियों से मुक्ति नहीं, विपत्तियों पर जीत (इनमें से कोई दो बातें और उनके उपयुक्त कारण अपेक्षित)	**3**
13	**13** **(क)**	**11** **(क)**	**11** **(ग)**	'पूरक पाठ्य-पुस्तक' पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित – • लेखक हरिहर काका के पड़ोसी • लेखक से उनका पितातुल्य संबंध • लेखक की हरिहर काका से प्रथम दोस्ती • लेखक और हरिहर काका के बीच खुलकर बातचीत • हरिहर काका के मौन हो जाने पर लेखक का चिंतित होना	**2 x 3 = 6** **3**
	(ख)	**(ख)**	**(ख)**	प्रतीति- • बचपन में घास अधिक हरी, फूलों की सुगंध अधिक मनमोहक • स्कूल में गेंदा, गुलाब और मोतिया की दूध-सी सफ़ेद कलियाँ बेहद पसंद • अलियार झाड़ (डंडियाँ) की पत्तियों की नीम जैसी महक फूलों के साथ व्यवहार- • लेखक का चुपके से फूलों को तोड़ना • जेब में संभाल लेना या तो चबा लेना	**1+2= 3**
	(ग)	**(ग)**	**(क)**	• टोपी और इफ़्फ़न की दादी का परस्पर प्रेम	**3**

				• माँ की तरह इफ़्फ़न की दादी का पूरबी भाषा बोलना • टोपी को दादी द्वारा तरह-तरह की कहानियाँ सुनाना • इफ़्फ़न के घर जाकर उसकी दादी के साथ समय बिताना • इफ़्फ़न की दादी का स्नेहपूर्ण व्यवहार	
14	**14**	**14**	**14**	किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन : • विषय-वस्तु – 3 अंक • भाषा – 1 अंक • प्रस्तुति – 1 अंक	**1 x 5 = 5**
15	**15**	**15**	**15**	किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन: • आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक • विषय-वस्तु – 3 अंक • भाषा – 1 अंक	**1 x 5 = 5**
16	**16**	**18**	**16**	किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन: • विषय-वस्तु – 2 अंक • प्रस्तुति – 1 अंक • भाषा – 1 अंक	**1 x 4 = 4**
17	**17**	**17**	**17**	किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन : • विषय-वस्तु – 1 अंक • प्रस्तुति – 1 अंक • भाषा – 1 अंक	**1 x 3 = 3**
18	**18**	**16**	**18**	लगभग 100 शब्दों में लघुकथा **अथवा** औपचारिक ई-मेल लेखन : लघुकथा लेखन – • विषय-वस्तु – 3 अंक • भाषा – 1 अंक • प्रभाव – 1 अंक **अथवा** ई-मेल लेखन-	**1 x 5 = 5**

				• औपचारिकताएँ – 1 अंक • विषय-वस्तु – 2 अंक • प्रस्तुति – 1 अंक • भाषा – 1 अंक	